हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 278, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 2 अप्रैल, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश को दी पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात

भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन से दिखाई हरी झंडी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में रानी कमलापति-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुध्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में 100 फीसदी ऑक्यूपेंसी रही है। वे तकनीकी रूप से उन्नत, स्वच्छ और समय पर हैं। टिकटों की कालाबाजारी का भी कोई मामला सामने नहीं आया है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि आज मध्य प्रदेश को अपनी पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली है। इससे मध्य प्रदेश से दिल्ली का सफर और आसान हो जाएगा। रेलवे के इतिहास में कभी बहुत कम ही ऐसा हुआ होगा कि एक ही स्टेशन पर किसी प्रधानमंत्री का इतने कम समय अंतराल में दोबारा आना हुआ होगा। आधुनिक भारत में नई व्यवस्थाएं, नई सुविधाएं बन रही हैं। इस ट्रेन में यात्री के रूप में जो बच्चे जा रहे थे उन्होंने इस ट्रेन में सफर करने की अपनी उत्सुकता जाहिर की। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत नई सोच, नई

तकनीक की बात करता है। पहले की सरकारें तुष्टीकरण में ही व्यस्त रही। वे वोट बैंक के तुष्टीकरण में जुटे हुए थे और हम देश वासियों के संतुष्टीकरण में समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में रामनवमी के दिन हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, "इंदौर में मंदिर में रामनवमी के दिन जो हादसा हुआ मैं इसका दुख व्यक्त करता हूं, इस समय जो लोग हमें छोड़ गए उन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। जो श्रद्धालु जख्मी हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी हैं मैं उनके स्वास्थ्य की कामना करता हूं।" पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शुभारंभ वाले दिन शनिवार को पीएम मोदी दोपहर 3.15 बजे हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना करेंगे। यह ट्रेन दोपहर 3.27 बजे भोपाल, शाम 4.06 विदिशा, 4.30 बजे गंजबासौदा, 5.19 बजे बीना, 5.55 बजे ललितपुर, 6.28 बजे बबीना, 7.01 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन, 7.20 बजे दतिया, रात 8.03 बजे ग्वालियर, 8.29 बजे मुरैना, 8.56 बजे धौलपुर, 9.27 बजे आगरा कैंट, 9.35 बजे राजा की मंडी, 10.04 बजे मथुरा जंक्शन, 11.35 बजे हजरत निजामुद्दीन और रात 11.50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर- 20171) सप्ताह में शनिवार को छोड़कर शेष दिन तड़के 5.40 बजे रानी कमलापति स्टेशन से चलेगी और दोपहर 1.10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 8.46 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन, सुबह 9.48 बजे ग्वालियर व सुबह 11.23 बजे आगरा कैंट स्टेशन पर ठहराव लेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर- 20172) हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 2.40 बजे चलेगी और रात 10.10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। उक्त ट्रेन शाम 4.20 बजे आगरा कैंट, शाम 5.45 बजे ग्वालियर और शाम 7.03 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन पर ठहराव लेगी। दोनों दिशाओं में गुजरते समय यह ट्रेन पलवल स्टेशन पर ट्रेवलिंग ठहराव लेगी, इस स्टेशन से यात्री न तो चढ़ सकेंगे और न ही उतर सकेंगे।

टीला नंदराम में जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग, फंसे हुए चार लोगों को निकाला गया; मची अफरा-तफरी

आगरा। आगरा के थाना मंटोला के टीला नंदराम इलाके में शनिवार दोपहर को जूता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल आग को काबू करने के प्रयास में लगी हुई है। फैक्टरी में 4 लोग फंस गए थे। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बताया गया है कि अनवर ने अपनी जगह को जुगनू को किराए पर दिया हुआ है। जुगनू सोल पर कलर करने का काम करता है। इसमें केमिकल के ड्रम भी रखे हुए थे। दोपहर में अचानक आग लग गई। इस पर फैक्टरी में काम कर रहे लोग भाग खड़े हुए। इलाके घनी आबादी में है। इस पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर थाना मंटोला पुलिस पहुंची। बाद में दमकल आ गई। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। फैक्टरी के पीछे एक घर में चार लोग फंस गए थे। उनको सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कतरन और केमिकल होने की वजह से आग बुझाने में दिक्कत हो रही है। पुलिस का कहना है कि शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। आग बुझने के बाद इसका कारण पता किया जाएगा।

सीएम योगी ने किसानों की मदद के दिए निर्देश, बोले- अन्नदाता के हितों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है।

विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के नौ जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हो, उसका आकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मौसम पूवार्नुमान के बारे में किसानों को समय से

जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीवी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूवार्नुमान 24-48 घंटे का हो।

ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी भी प्रदेशवासी की दुःखद मृत्यु होती है, मानव-वन्य जीव संघर्ष से कोई घायल होता है तो बिना विलंब किए, तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क किया जाए। राहत आयुक्त स्तर से आपदा राहत कोष में पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसल खराब हो सकती है।

जो फसल पैदा हो रही है, उसकी गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। ऐसी फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल के संभावित नुकसान के कारण इस वर्ष भूसे की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग द्वारा समय से गोवंश चारे की व्यवस्था कर ली जाए।

'मेरी बेटी को इंसाफ दीजिए साहेब', पुलिस आयुक्त से मिलकर बिलख पड़ीं आकांक्षा की मां

वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस घटना के 7 दिनों के बाद भी आरोपियों से काफी दूर है। हर कोई इस मामले का सच जानना चाहता है। शुक्रवार को सारनाथ थाने में धरना-प्रदर्शन करने वाली आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे शनिवार को पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन के कार्यालय पहुंचीं। पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाई। कहा कि समर सिंह और संजय सिंह ने आकांक्षा को मारा है। मेरी बेटी को इंसाफ दीजिए साहेब। इतना कहकर वो बिलख पड़ीं। रोते-रोते बदहवास हो गईं। महिला पुलिसकर्मियों ने मधु दुबे को सहारा दिया। पुलिस आयुक्त ने ढाढस बंधाया। इसके साथ ही उन्होंने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। भदोही जिले के बरदहां गांव निवासी छोटेलाल दुबे की बेटी आकांक्षा दुबे का शव बीते रविवार को सारनाथ के एक होटल में फंदे से लटका मिला था। वह भोजपुरी

फिल्म की शूटिंग के लिए आई थीं। इस मामले में आकांक्षा की मां ने भोजपुरी गायक समर सिंह व उसके सहयोगी संजय के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा सारनाथ थाने में दर्ज कराया है। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त से मिलने पहुंचीं मधु दुबे ने आरोप लगाया कि समर सिंह अक्सर आकांक्षा से मारपीट करता था। पैसे हड़प लेता था। उसे किसी और के साथ काम नहीं करने देता था। वह किसी और के साथ काम करती थी तो प्रताड़ित करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों से मिल गई है। इस कारण गिरफ्तारी नहीं हो सकी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां को भदोही जिले के लोक कलाकारों का साथ मिला है। शनिवार को आकांक्षा दुबे के पैतृक आवास बरदहां पहुंचे लोक कलाकारों ने शोक संवेदना प्रकट की और न्याय की इस लड़ाई में साथ देने का वादा किया। लोक कलाकारों ने सरकार से इस मामले में निष्पक्ष जांच के साथ ही आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। यह भी कहा कि परिजनों को पांच करोड़ का मुआवजा मिलना चाहिए।

मार्च में जीएसटी संग्रह 13% बढ़कर 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी

नई दिल्ली। मार्च में जीएसटी संग्रह 13%बढ़कर 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वित्त मंत्रालय ने रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी है। मार्च 2023 में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1,60,122 करोड़ रुपये रहा। जिसमें सीजीएसटी 29,546 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37,314 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 82,907 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र किए गए 42,503 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 10,355 करोड़ रुपये है। (माल के आयात पर एकत्र किए गए 960 करोड़ रुपये सहित)। चालू वित्त वर्ष में मार्च में चौथी बार जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। यह जीएसटी के लागू होने के बाद दूसरा सबसे बड़ा संग्रहै। मार्च महीने में अब तक का सबसे अधिक आईजीएसटी संग्रह किया गया। सरकार ने नियमित निपटान के रूप में आईजीएसटी से सीजीएसटी को 33,408 करोड़ रुपये और एसजीएसटी को 28,187 करोड़ रुपये का निपटान किया है। आईजीएसटी निपटान के बाद मार्च 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 62,954 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 65,501 करोड़ रुपये रहा। मार्च 2023 का जीएसटी राजस्व पिछले साल के इसी महीने के जीएसटी राजस्व की तुलना में 13% अधिक है। महीने के दौरान, माल के आयात से राजस्व पिछले साल की तुलना में 8% अधिक था और घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व पिछले साल के इसी महीने के दौरान इन स्रोतों से राजस्व की तुलना में 14% अधिक है। मार्च 2023 के दौरान रिटर्न फाइलिंग अब तक की सबसे अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कुल सकल कर संग्रह 18.10 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, पूरे वित्तीय वर्ष के लिए औसत सकल मासिक संग्रह 1.51 लाख करोड़ रुपये रहा। 2022-23 में सकल राजस्व पिछले साल की तुलना में 22% अधिक रहा।

बरेली जेल में बंद अशरफ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है पेशी, प्रयागराज पुलिस लौटी

बरेली। उमेश पाल हत्याकांड के मामले में आरोपी अशरफ की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराई जा सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अशरफ को लेने बरेली आई प्रयागराज पुलिस की टीम शनिवार दोपहर को वापस चली गई है। इधर, वकील के साथ बरेली पहुंचीं अशरफ की पत्नी और बहन ने उसकी जान को खतरा बताया है। उन्होंने उमेश पाल हत्याकांड में सीबीआई जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करने की बात कही है। उमेश पाल हत्याकांड मामले में अशरफ को भी साजिश रचने का आरोपी बनाया गया है। इस सिलसिले में अशरफ को प्रयागराज ले जाकर उससे पूछताछ की तैयारी थी। प्रयागराज पुलिस की एक टीम शुक्रवार को बरेली आ गई थी, जो लौट गई है। प्रयागराज पुलिस के पीछे-पीछे अशरफ के वकील विजय मिश्रा, बहन आयशा और पत्नी जैनब भी बरेली आई थीं। अब ये लोग भी जेल परिसर में नहीं हैं, दो जूनियर वकील जरूर यहां हैं। बताया जा रहा है कि

परिजनों द्वारा जताए गए खतरे की वजह से अशरफ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराई जा सकती है। पुलिस रिमांड मिलने पर ही उसे प्रयागराज ले जाया जाएगा। बता दें कि प्रयागराज पुलिस ने कोर्ट से अशरफ का बी वारंट लिया था। इसके बाद प्रयागराज पुलिस ने बरेली जिला जेल (केंद्रीय जेल-2) पहुंचकर जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला से मुलाकात की थी। उसे यहां से प्रयागराज ले जाने की तैयारी थी।

'भारत-चीन सीमा पर अब सब ठीक, हमारे रिश्तों का एशिया के भविष्य पर होगा असर', चीनी राजदूत का बड़ा बयान

कोलकाता। भारत-चीन सीमा पर 'आपातकालीन नियंत्रण' की पहले की स्थिति अब अतीत की बात है और कुल मिलाकर यह स्थिति वर्तमान में स्थिर है। चीन के वरिष्ठ राजनयिक चेन जियानजुन ने शुक्रवार की शाम कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत की दौरान यह बात कही। चीनी दूतावास के मिनिस्टर काउंसलर ने कहा कि दोनों एशियाई दिग्गज राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संचार बनाए रखना जारी रखते हैं, जिससे सीमा की स्थिति को सामान्य प्रबंधन और नियंत्रण में बदलने को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमा पर मौजूदा स्थिति कुल मिलाकर स्थिर है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर नौ दिसंबर को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गए थे। पूर्वी लद्दाख में दोनों पक्षों के बीच सीमा पर गतिरोध के बीच यांगत्से के पास झड़प हुई थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई, जो दशकों में दोनों पड़ोसी देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। जियानजुन ने कहा, बीजिंग ने हमेशा चीन-भारत संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा और संभाला है। हालांकि, संबंधों में कुछ कठिनाइयां हैं, लेकिन चीन की स्थिति कभी नहीं डगमगाई है और हम उसे स्वस्थ एवं स्थिर विकास के रास्ते पर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपनी प्राचीन सभ्यताओं से ताकत हासिल कर सकते हैं और दुनिया के साथ प्राचीन ज्ञान को साझा कर सकते हैं, ताकि संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की स्थिरता को बनाए रखा जा सके।

बांदा डीएम समेत 5 आइएएस व 9 पीसीएस बदले, कई के तबादले किए गए निरस्त

लखनऊ। निकाय चुनाव से पहले प्रशासन व पुलिस विभाग में फेरबदल भी तेज हो गया है। शासन ने वरिष्ठ आइपीएस अधकारियों में फेरबदल के बाद शनिवार को पांच आइएएस व नौ पीसीएस अधिकारियों के भी कार्यक्षेत्र बदले हैं। दुर्गा शक्ति नागपाल को बांदा का डीएम बनाया गया है। जबकि आइएएस अधिकारी कृष्ण कुमार का पूर्व में हुआ तबादला रद किया गया है। अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। इससे पूर्व आइएएस व आइपीएस के अलावा पीसीएस व पीपीएस संवर्ग के अधिकारियों में और बदलाव की भी तैयारी है।

नए डीजी इंटेलीजेंस की तलाश- विशेषकर फील्ड में तैनात अधिकारियों को इधर से उधर किया जा सकता है। कार्यवाहक डीजीपी डा.डीएस चौहान के सेवानिवृत्त होने के बाद नए डीजी इंटेलीजेंस की भी तलाश है। इस महत्वपूर्ण पद पर जल्द नई तैनाती की जा सकती है। कई जिलों की भी कमान बदले जाने की चचाएं हैं। पुलिस विभाग में शुक्रवार रात तीन पुलिस उपाधीक्षक बदले गए थे। शासन ने विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग दिव्य प्रकाश गिरि को मुख्य सचिव का स्टाफ आफिसर नियुक्त किया है। प्रतीक्षारत चल रहीं 1999 बैच की आइएएस अधिकारी संयुक्ता समद्दार को आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इनके तबादले किए रद- विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद प्रयागराज के पद पर स्थानान्तरणाधीन कृष्ण कुमार को सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद प्रयागराज के पद पर किए गए तबादले को रद करते हुए विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के ही पद पर बने रहने का आदेश हुआ है। विशेष सचिव, संस्कृति विभाग आनन्द कुमार को सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद प्रयागराज बनाया गया है। विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग दुर्गा शक्ति नागपाल को जिलाधिकारी बांदा बनाया गया है।

खनन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई कर बटोरी थीं सुर्खियां- दुर्गा शक्ति नागपाल को लंबे समय के बाद फील्ड पर तैनाती दी गई है। सपा शासनकाल में वर्ष 2013 में गौतमबुद्धनगर में एसडीएम सदर के पद पर तैनात रहने के दौरान उन्होंने खनन माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर सुर्खियां बटोरी थीं। जबकि एक धार्मिक स्थल की दीवार गिराने के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया था। मामले के तूल पकड़ने पर उन्हें लगभग दो माह बाद बहाल कर दिया गया था।

भूपेंद्र यादव का कांग्रेस पर निशाना, कहा- लोकतांत्रिक संस्थानों के बारे में संदेह पैदा कर रहे

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कांग्रेस का विरोध करते हुए कहा कि वे सभी लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रकियाओं के बार में लोगों में संदेह पैदा करते हैं। कांग्रेस एक नापाक परियोजना में शामिल है। कांग्रेस ने वन संशोधन विधेयक 2023 को एक समिति को देने के फैसले का विरोध किया था। पर्यावरण मंत्री ने एक वीडियो भी ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस शासन में भी बिलों को संयुक्त समितियों के पास भेजा गया था। यादव ने ट्वीट कर कहा कि जयराम रमेश का कहना है कि वन संरक्षण संशोधन विधेयक को एक संयुक्त समिति को भेजना प्रक्रियाओं का अवमूल्यन और अपमान है। यादव का कहना है कि वह देखना चाहते हैं कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में पेश विधेयकों को संयुक्त समिति के पास भेजा गया था। यादव ने निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सभी लोकतांत्रिक संस्थानों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के बारे में लोगों के मन में संदेह पैदा करती है। वे अपनी नापाक परियोजना के तहत भारत में ही नहीं बल्कि विदेशी धरती पर भी नाम खराब कर रहे हैं। यह खतरनाक है। इसे रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया था। कांग्रेस नेता जयराम ने कहा कि 31 मार्च 1993 को स्थायी समितियां अस्तित्व में आई थीं। मंत्री जी, आपसे बेहतर होमवर्क की उम्मीद की थी। बुधवार को लोकसभा में यादव ने वन संशोधन विधेयक पेश किया था। वन संरक्षण कानूनों में स्पष्टता लाने और राष्ट्रीय महत्तव की राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी योजनाओं को फास्टट्रैक करने के लिए कुछ जमीनों को छूट देने का प्रयास करता है। रमेश ने समिति के पास विधेयक भेजने को लेकर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के सामने विरोध किया था। उन्होंने मांग की थी कि जिस समिति के रमेश प्रमुख है, वही समिति विधेयक की जांच करे।

संपादकीय

भ्रष्टाचार पर नजर

यह उजागर तथ्य है कि भ्रष्टाचार की जड़ें अफसरशाही में ही पनपती हैं। इसीलिए अधिकारियों की आय और संपत्ति आदि का नियमित मूल्यांकन करने की व्यवस्था है। इसके लिए बकायदा कानून और दंड के प्रावधान हैं। उन्हें हर साल अपनी आय और संपत्ति का ब्योरा देना होता है। मगर हकीकत यह है कि बहुत सारे अधिकारी इन नियम-कायदों को धता बताने से बाज नहीं आते। इस मामले से जुड़ी संसद की स्थायी समिति ने बताया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के करीब चौदह सौ अधिकारियों ने पिछले ग्यारह सालों से अपनी आय और संपत्ति से संबंधित ब्योरा पेश नहीं किया है। अब सरकार ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों से शेयर बाजार में निवेश और उससे होने वाली आय का विवरण भी जमा कराने का आदेश दिया है। अगर किसी अधिकारी की शेयर बाजार में निवेश से आय उसके छह माह के मूल वेतन से अधिक है, तो उसके लिए उसका विवरण जमा कराना अनिवार्य होगा। यह नया नियम भी उन्हीं पुराने नियमों में जुड़ गया है, जो ब्रिटिश जमाने से चले आ रहे आय और संपत्ति से जुड़े कानून हैं। इसलिए भ्रष्ट अधिकारियों पर इस नए नियम का कितना मानसिक दबाव बन पाएगा, दावा नहीं किया जा सकता। प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार करने के तरीके उजागर हैं। हर सरकार भ्रष्टाचार समाप्त करने का दम भरती है, मगर अधिकारियों के आचरण पर उसका कोई असर पड़ता नजर नहीं आता। वे गलत तरीके से धन और संपत्ति जमा करने के रास्ते निकाल ही लेते हैं, यहां तक कि उन्हें छिपाने की जगहें भी। तबादले वगैरह का भी उन पर बहुत असर नहीं पड़ता। ऐसे में संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सुझाव दिया है कि एक ऐसे तंत्र का गठन किया जाना चाहिए, जो अधिकारियों द्वारा पेश किए गए आय और संपत्ति के ब्योरों की जांच करे और उनकी वास्तविक कमाई का खुलासा करे। सुझाव अच्छा है, अगर ऐसा कोई तंत्र बनता है, तो शायद प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण पर कुछ लगाम लगे। मगर उस नियामक तंत्र में भी जो अधिकारी-कर्मचारी होंगे, उनका आचरण कितना पारदर्शी होगा, कैसे दावा किया जा सकता है। फिर, ऐसा नहीं कि अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण पर नजर रखने के लिए पहले से तंत्र नहीं है। आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग आदि उनके भ्रष्ट आचरण पर नजर रखते ही हैं। कुछ जगहों पर खुद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रष्ट अफसरों पर नजर रखने के लिए अलग से तंत्र तैयार कर रखा है, जैसे उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों का संघ हर साल भ्रष्ट अफसरों की सूची जारी करता है। मगर इन सबके बावजूद उनके आचरण में कोई बदलाव नजर नहीं आता। फिर यह भी एक प्रकट तथ्य है कि प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शह राजनीतिक नेतृत्व से मिलती है। जब भी आय से अधिक संपत्ति जमा करने के किसी मामले में जांच होती है, तो उसके तार सत्तापक्ष के लोगों से भी जुड़े नजर आते हैं। मौजूदा केंद्र सरकार पिछली सरकारों के समय हुए भ्रष्टाचारों की पोल खोलने के इरादे से जांचों का सिलसिला चला रही है। उससे जाहिर है कि किस तरह नौकरशाही और राजनेताओं की मिलीभगत से भ्रष्टाचार फैलता है। इसलिए अगर सचमुच भ्रष्टाचार खत्म करना है, जिससे संबंधित संयुक्त राष्ट्र संधि पर भारत ने हस्ताक्षर भी किए हैं, तो एक ऐसे तंत्र का गठन करने पर विचार करना चाहिए, जो भ्रष्टाचार के पूरे संजाल को छिन्न-भिन्न कर सके।

दंड पड़ा मजबूत!

लग गया जुमार्ना ।
मांगा था सबूत ।।
देखना था डिग्री ।
दंड पड़ा मजबूत ।।
हुई विनती लाख ।
ना माने पर साब ।।
देखते हैं और क्या ।
उतर रहा नकाब ।।
पड़ गए थे पीछे ।
महंगा पड़ा हिसाब ।।
लगता शायद आएगा ।
समय अब खराब ।।
रखना होगा संभल कर ।
अगला हर कदम ।।
है अभी शुरूआत ।
मिले बड़ा ना गम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

मलेरिया से हर साल औसतन चार लाख लोग गंवाते हैं जान
मानव खून पसंद करने वाली प्रजाति पर रोकथाम चुनौती

दुनिया ने भले ही कितनी भी तरक्की कर ली हो, पर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि मच्छरों की बढ़वार, उनके काटने से होने वाली बीमारियों और मौतों को रोक पाना चुनौती बना हुआ है। यह इसलिए भी चिंता का विषय है कि दुनिया में मौजूद मच्छरों की तीन हजार से ज्यादा प्रजातियों में से कुछ को ही मनुष्यों का खून पसंद है। मगर एनोफेलीज, एडीज और क्यूलेक्स जैसी कुछ प्रजातियां जानलेवा साबित होती हैं। ये लिंफैटिक फाइलेरिया, जीका, डेंगू, और पीला बुखार फैलाती हैं।

बीते कुछ वर्षों के आंकड़ों से पता चलता है कि मलेरिया से हर साल औसतन चार लाख लोग जान गंवाते हैं। उसमें ज्यादा संख्या पांच साल से कम उम्र के बच्चों की होती है। बीते वर्ष दुनिया में 6.2 लाख लोग मलेरिया की वजह से काल कवलित हो गए। वर्ष 2021 में 24.7 करोड़, 2020 में 24.5 करोड़, 2019 में लगभग 23.2 करोड़ लोग मलेरिया की पकड़ में आए। मगर अब आ रही वैज्ञानिक जानकारियां बेहद परेशान करने वाली हैं, क्योंकि मच्छर बारहमासी होते जा रहे हैं। पहले ठंडी जगहों पर इनका प्रकोप कम या बिल्कुल नहीं होता था। मगर जलवायु परिवर्तन के चलते इनकी भी फितरत बदलने लगी है। हर मौसम इनके प्रजनन और विस्तार के लिए अनुकूल हो रहे हैं। मच्छर सदियों से हैं। त्रेता काल में भी थे। इसका जिक्र रामायण के सुंदरकांड की पंक्तियों में है। ह्यमसक समान रूप कपि धरी/ लंकहि चलेउ सुमिरि नरहरीह्न। सच्चाई भी यही कि मच्छर ही मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक साथ रहता है। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का एक नया शोध बताता है कि जलवायु परिवर्तन से तमाम जानलेवा बीमारियां फैला कर मच्छर पूरे साल मुसीबत का सबब बन सकते हैं। उष्ण कटिबंधीय इलाकों में इनका पूरे साल सक्रिय रहना आम बात है। मगर ठंडे दिनों में मच्छर शीतनिष्क्रियता यानी हाइबरनेशन में चले जाते हैं और उनकी शारीरिक क्रियाएं थम या सुस्त पड़ जाती हैं। मगर अब कुछ ही जगहें मच्छरों के प्रकोप से बची हैं। जैसे, अंटार्कटिका का दक्षिणी ध्रुव, जहां न्यूनतम तापमान ऋणात्मक 90 डिग्री सेल्सियस और सबसे ज्यादा 5 से 15 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। इसी तरह सेशेल्स गणराज्य है, जो हिंद महासागर स्थित 115 द्वीप समूहों का राष्ट्र है, जहां प्राकृतिक रूप से स्तनधारी जीव नहीं मिलते, जिनका खून मच्छरों का भोजन होता है। अफ्रीका महाद्वीप के सबसे कम आबादी वाले इस देश में केवल बानबे हजार लोग रहते हैं, जो मलेरिया मुक्त हैं। इसी तरह फ्रांस में बेहतर जल निकासी प्रबंधन से मच्छर बहुत कम हैं। न्यू केलेडोनिया, दक्षिणी प्रशांत महासागर में आस्ट्रेलिया के पास है, वहां भी मच्छरों की संख्या बहुत कम है। इसी तरह आइसलैंड में, जो उत्तरी अटलांटिक सागर स्थित छोटा-सा देश है, तापमान इतना कम कि मच्छर पनप नहीं सकते। मच्छरों को पनपने के लिए गर्म, उमस भरे वातावरण की जरूरत होती है। मौसम का बदलता मिजाज, घटती ठंड, बढ़ती गर्मी और श्वांसरोधी दूषित हवा इनके प्रजनन के अनुकूल होता है। गर्मी या उमस के दौरान मच्छरों का व्यवहार आक्रामक हो जाता है। तापमान बढ़ने से मच्छरों का व्यवहार भी बदल रहा है, ये तेजी से पनपते और मलेरिया जैसे रोग फैलाते हैं। आने वाले वक्त में बढ़ती गर्मी से निपटना जितना मुश्किल होगा, उतना ही मच्छरों से निपटना भी। जलवायु परिवर्तन के चलते अगर मनुष्य के सबसे बड़े दुश्मन के रूप में

मच्छर भी चुनौती बन जाएं, तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। तमाम शोधों से पता चलता है कि मच्छरों के बदलते व्यवहार की वजह से मलेरिया और अन्य संक्रमणों की रोकथाम पर गंभीर असर पड़ने लगा है। एक सवाल खुद ही जवाब बनकर उभरता है कि कुछ बरस पहले तक बारिश और उमस के बावजूद मच्छर इतने हमलावर क्यों नहीं थे? क्योंकि इनका शिकार मेढक करते थे। आज मेढकों का वजूद हम ही खत्म कर रहे हैं। ये बरसात में मच्छरों के लार्वा, टिड्डे, कीड़े, दीमक, कनखजूरा, चींटी और मकड़ी आदि चट कर जाते थे। अब खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से मेढक कम, बल्कि खत्म, होने लगे हैं। मेढक वाली दलदली जगहों पर कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। इससे मच्छरों की फौज बेकाबू हो रही है। उभयचर होने से पानी तथा जमीन पर मच्छरों को भोजन बनाने वाला मेढक अब खुद ही विलुप्ति की कगार पर है।

अकेले भारत में चार सौ से ज्यादा प्रजाति के मच्छर हैं। इनसे बचाव के लिए बने उत्पादों का सालाना कारोबार पांच सौ से छह सौ करोड़ रुपए का है, जो हर साल सात से दस प्रतिशत बढ़ रहा है। इसमें डीडीटी से लेकर दूसरे कार्बन-फास्फोरस यौगिक होते हैं, जो टिकिया, अगरबत्ती, लोशन, वेपोराइजर की शक्ल में होते हैं। अधिकतर में एलथ्रिन समूह के यौगिकों, डाइ इथाइल टाल्यूमाइड या कुछ में जड़ी-बूटियों और तेल का उपयोग होता है, जो अधिकतर दो से चार घंटे तक ही प्रभावी होते हैं। इनके कारोबारियों का मजबूत संगठन भी है। शर्तों के अनुसार तो मानव स्वास्थ्य, पशुओं तथा अलक्षित प्रजातियों के लिए सुरक्षित होने पर ही इन उत्पाद को बाजार में उतारने की इजाजत मिलती है। मगर कमजोरी यही कि एक बार अनुमोदन मिलने के बाद सतत निगरानी या स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभावों के आकलन का कोई प्रावधान न होने के चलते इनके दुष्प्रभावी होने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ता।

मच्छरों को भगाने वाले कई उपाय दुनिया भर में मनुष्यों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। घुटन पैदा करने वाली गंध, सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द, आंख, कान, नाक, गला और चमड़ी में जलन, दाद, काले धब्बे, चमड़ी का काला पड़ जाना। कुछ लोगों में बुखार, नाक बहना, छींक आना, सर्दी, खांसी तक की समस्याएं सामने आई हैं। कुछ शोधकताओं ने तो लीवर और धमनियों के खराब होने तक की चेतावनी दी है। निश्चित रूप से मच्छरों के लिए जलवायु परिवर्तन से बन रही अनुकूलता बड़ी चुनौती है। जरूरत है, घर, पास-पड़ोस की साफ-सफाई, नालियों में पानी न रुकने देने की। जमीन और छत पर रखी पानी की टंकियां, तमाम जलस्रोत, कुएं आदि स्वच्छ रहें। गटर अनिवार्य रूप से बंद रहें। इसके अलावा लार्वा खाने वाली मछलियों को नालियों, तालाबों, झीलों, खेतों में पर्याप्त और नियमित रूप से छोड़ कर उनकी देखरेख की जाए। मच्छरदानियों का उपयोग किया जाए। इससे इन्हें खुराक नहीं मिलेगी और उनका पनपना कठिन होता जाएगा। दुनिया के उनतीस देश मलेरिया का छियानबे प्रतिशत बोझ ढो रहे हैं। एक समय दक्षिण पूर्व एशिया में उन्यासी प्रतिशत मामले भारत में आए थे और तिरासी प्रतिशत तक मौतें हुईं। सुकून की बात है कि 2015 के बाद इसमें छियासी प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई है। 2015 से 2021 के बीच मलेरिया से मौतों में नवासी प्रतिशत कमी आना बड़ी उपलब्धि है। मलेरिया से बचाव के जैविक और प्राकृतिक उपाय भी हैं, जो हानिकारक नहीं हैं।

आभासी आंधी का नया मौसम, कृत्रिम और रोबोटिक होता जा रहा है इंसानी आचार-व्यवहार

इन दिनों एक नया संसार करवट ले रहा है। नई सूचना प्रौद्योगिकी और नए राजनीतिक परिवेश में एक नई उभरती हुई दुनिया हमारे सामने है। उसने बदलते सामाजिक संदर्भ में बाजार की पहचान को और भी चमक-दमक से भर दिया गया है। चकाचौंध की इस आंधी में जीवन की छवियों में आभासी रंग किस तरह से घुसपैठ कर गया है कि उसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो गया है। पिछले एक दशक से जिस तरह सूचना क्रांति और नई सूचना प्रौद्योगिकी के चलते हुए जीवन में बदलाव के संकेत मिले हैं और एक नया आभासी संसार हमें दिखाई देने लगा है, वह हमारी कल्पना से बाहर की बात है।

पिछली पीढ़ी भी अब इस आभासी दुनिया का अनुसरण करने लगी है। आज व्यक्ति अपने जीवन की अंतिम छाया में अपनी दिनचर्या में आभासी दुनिया को अपना दोस्त मानने लगा है तो फिर सवाल उठता है कि रिश्तों की जीवंतता और आपके बुढ़ापे में अनुभव और जीवनपर्यंत सामाजिक सरोकारों के जीवन अनुभव का लाभ किस तरह से आने वाले नए समाज को एक नई दिशा देगा? आने वाली नस्लों के लिए हम क्या छोड़ कर जाएंगे?

हमारा जीवन-यापन, आचार-व्यवहार, सब कुछ तो इन दिनों पाश्चात्य प्रभाव के कारण और बढ़ते हुए उपभोक्ता बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार बदल चुका है। हमारा होना और अनुभव अब यह बताता है कि नई पीढ़ी इस नई आभासी आंधी में एक नए मौसम की ओर बढ़ रही है। यह मौसम है विज्ञान की दुनिया का, जहां टेलीविजन से लेकर यूट्यूब पाडकास्ट, ट्विटर, फेसबुक और इसके साथ-साथ अन्य सूचना प्रसारण संचार के माध्यमों ने जिस तरह से दुनिया को एक छोटे मोबाइल के पर्दे पर सबको परोस दिया है, यह चौंकाने वाला है। इन दिनों सूचना की प्रणालियों द्वारा एक नया निजाम, एक नया मौसम, रोबोट से चलने वाली दुनिया और अनुभव हमारे साथ लगभग सभी बड़े संस्थान में देखे जा सकते हैं। यूरोपीय देशों के साथ-साथ भारत जैसे देशों में भी रोबोट प्रणाली, एक नया समाज और नई वैज्ञानिक पद्धति के साथ जीवन के अनुभवों से अपना एक अलग वातावरण बनाता दिख रहा है। त्रासदी यह है कि हमारे युवा उदासीन अवस्था में जिस बड़ी संख्या में विदेश जाने लगे हैं, वह एक बहुत ही खतरनाक रुझान है। इससे प्रतिभा पलायन तो हो ही रहा है, लाखों करोड़ रुपए की एक अर्थव्यवस्था का ठोस आधार विदेश में जा रहा है। क्या कभी हमने इस तरफ सोचा है? हमारा सबका विकास कहीं कागजों में सिमट के न रह जाए।

एक मजबूत सूचना प्रणाली शायद आने वाली दुनिया में एक नई दुनिया का एक नया आकार या साकार रूप लेती हुई हमारे मन-मस्तिष्क को बदल सकती है। अगर इस बदलाव के पीछे रचनात्मकता और समाज को बचाने की एक लंबी पगडंडी को हम निर्धारित रास्ते में बदल सके तो इस सूचना तकनीक और विज्ञान के युग का एक आभासी संसार प्रतीकात्मक नहीं हो सकेगा। अलबत्ता हम रचनात्मक पहेलियों के साथ सजीव रिश्तों की एक नई बयार और नए मौसम को अपना सकेंगे। हमारी शिक्षा और शिक्षण निजाम इस तरह की सूचना प्रणाली को अपनाकर उस आम गरीब बच्चे तक सूचना के साथ-साथ शिक्षा का एक ऐसा हुनर पहुंचा दे कि वह अपने पैरों पर खड़ा होकर रोजगार के लिए भटके नहीं। उसके भीतर विदेश में जाने की बेमानी लालसा न हो। विदेश में पर्यटन के लिहाज से जाना चाहिए, लेकिन जिस तरह आज भी देश में प्रतिभा पलायन के साथ भारत की एक दूसरी तस्वीर दिख रही है, वह चिंतनीय है। आने वाले दिनों में जिस तरह की जीवंतता के साथ हम जीवन में अकेलापन और रोबोट प्रणाली से चलने वाली एक आभासी दुनिया यानी मोबाइल और ऐसे ही अत्याधुनिक तकनीकी की दुनिया का एक नया लोक हमारे सामने देख रहे हैं, उसमें कुछ जोड़ने की आवश्यकता है। हम इन सूचनाओं के अंबार में इस आभासी दुनिया से समाज को बचाने के लिए और समाज की विरासत को जोड़कर एक नई दुनिया बनाने के लिए क्या कर रहे हैं, जिसमें रोजगार हो, संवेदना, विश्वास हो और संबंधों का भरोसा हो, मानवीय सरोकारों की बात हो। अगर यह नई बयार और विज्ञान की नई आंधी, आभासी दुनिया की आंधी प्रतीकात्मक रूप को छोड़कर असलियत को जीवन के नए अर्थ से जोड़ कर एक नया रचनात्मक पहलू पेश कर सके तो हम सचमुच इस सूचना प्रौद्योगिकी का वह प्रयोग करने में सफल हो सकेंगे, जो आने वाली नस्लों के लिए सचमुच का जीवन साबित हो। इसमें हम सब एक पहल कर सकते हैं। आपकी अपनी दुनिया अब आपके दिल में बसा मन-मस्तिष्क नहीं है, बल्कि मोबाइल के पर्दे पर एक नई आभासी दुनिया में सिमट रही है। अब विज्ञान के साथ ही, लेकिन मानवीयता और संवेदना की ओर लौटने की कोशिश होनी चाहिए।

दो दिवसीय कार्यशाला ट्रिपल ओ सिम्पोजियम की शुरूआत धमाकेदार तरीके से हुई शुरू

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बीएचयू में स्वतंत्रता भवन के सभागार में 20वीं राष्ट्रीय ट्रिपल ओ संगोष्ठी 2023 का एक अप्रैल 2023 शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ` कार्यशाला एक और दो अप्रैल 2023 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में धमाके के साथ शुरू हुई 31 मार्च 2023 को प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप भी आयोजित की गईं` सम्मेलन का आयोजन इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी (आईएओएमआर) के तत्वावधान में एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन ऑफ इंडिया (एओएमएसआई) और इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट (आईएओएमपी) के सहयोग से किया जा रहा है` संगोष्ठी का आयोजन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में दंत विज्ञान संकाय द्वारा किया गया है जिसमें भारत भर से लगभग 600 वरिष्ठ डॉक्टरों और छात्रों ने दो दिवसीय सेमिनार में भाग लिया` डॉ. आदित, आयोजन अध्यक्ष और डॉ. एन.के. शर्मा, आयोजक सह-अध्यक्ष, डॉ.

राहुल अग्रवाल, आयोजन सह-अध्यक्ष और फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के छात्रों ने दिन-रात एक कर इसे सफल आयोजन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी` सम्मेलन का उद्घाटन प्रोफेसर दिब्येंदु मजूमदार, अध्यक्ष डीसीआई और प्रो. वी. के. शुक्ला, रेक्टर बीएचयू, प्रो. एस. के. सिंह, निदेशक, आईएमएस बीएचयू, प्रो. विनय कुमार श्रीवास्तव, डीन, दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय जैसे अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया` आईएमएस, बीएचयू सम्मेलन स्मारिका को उस कार्यक्रम में लॉन्च किया गया था जिसमें पूरे भारत के मेडिकल छात्रों द्वारा किए गए ओरल मेडिसिन, मैक्सिलोफेशियल और रेडियोलॉजी के क्षेत्र में शोध कार्यों का संकलन है` भारत में रोगी की देखभाल में सुधार के लिए गंभीर वर्ग तीन विकृति के प्रबंधन में बिजॉ सर्जरी जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई इस विषय पर एओएमएसआई के अध्यक्ष प्रो. विकास धूपर ने चर्चा की` एट्रोफिक और रिसेक्टेड मैक्सिला के ग्राफ्ट लेस डेंटल इम्प्लांट रिहैबिलिटेशन की अपनी यात्रा शुरू करें, इस पर डॉ. मोहित अग्रवाल ने चर्चा की` डॉ अजय कुमार , प्रोफेसर डॉ आदित श्रीवास्तव ,डॉ निशा गुप्ता ,डॉ हर्षा पोपली ,डॉ राहुल अग्रवाल ,डॉ अजय साहिल ,डॉ नेहा साह ,डॉ अमलेन्दु शेखर एवं समस्थ दंत संकाय सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

रमजान में भी कुछ लोगों के गुनाह माफ नहीं होते

असलम खान

रमजान अरबी भाषा का शब्द है। रमजान का शाब्दिक अर्थ है 'जला देना'। यह रोजा रखने वाले के गुनाहों को जला देता है। रमजान के पहले दिन दस दिन रहमत, अगले दस दिन मगफिरत और बाकी दस दिन जहन्नम से आजादी के हैं। दुनिया में तीन तरह के लोग हैं- पहले वे लोग हैं जो गुनहगार नहीं हैं उनके लिए तो शुरू से ही रहमत और इनाम की बारिश हो जाती है। दूसरे वे लोग हैं जो मामूली गुनहगार हैं, उनके लिए रोजा रखने की बरकत से गुनाहों की माफी हो जाती है। तीसरे वे लोग हैं जो ज्यादा गुनहगार हैं, उनके लिए पूरे महीने के रोजे रखने और इबादत करने के बाद आग से निजात (जहन्नम से आजादी) है। रमजान के पाक महीने में भी चार तरह के लोगों के गुनाह माफ नहीं होते। ऐसे लोगों की रोजे रखने पर भी मगफिरत नहीं होती। वे चार प्रकार के लोग हैं- (1) शराब पीने वाले (2) मां-बाप का दिल दुखाने वाले (3) सगे- संबंधियों से झगड़ा रखने वाले (4) अपनों से नफरत करने वाले और उन को नुकसान पहुंचाने की ताक में रहने वाले।

इस्लाम में शराब हराम है और इसके पीने वाले अगर तौबा करके पीना नहीं छोड़ते हैं तो उनकी बख़्शीश नहीं है। मां-बाप का दिल दुखाने वाले नाफरमानों के लिए तो माफी की कोई गुंजाइश ही नहीं। करीबी रिश्तेदारों से झगड़ने के बाद सुलह न करने वालों को माफी नहीं मिलती। अपने करीबियों और रिश्तेदारों से किना रखने वाले, उन्हें नुकसान और तकलीफ पहुंचाने की ताक में रहने वाले, उनसे नफरत करने वाले की भी माफी नहीं। इसके अलावा यदि रब चाहे तो किसी को भी माफ कर सकता है। उसकी रहमत से मायूस नहीं होना चाहिए और अपने गुनाहों से तौबा कर के फिर से गुनाह न करने का कसम खाना चाहिए।

रोजा सिर्फ. भूखे- प्यासे रहने का नाम नहीं है बल्कि शरीयत के अनुसार अपने दिन- रात गुजारने का नाम भी है। रोजे की भूख और प्यास हमें गरीब और लाचारों की भूख- प्यास का एहसास कराती है। रोजा हमें सब्र और संयम सिखाता है। रोजा रखने के बहुत सारे फायदे आज विज्ञान से भी प्रूफ हो चुके हैं। यह शरीर के साथ-साथ रूह को भी पाकीजा बनाता है।यह हमें बहुत सारे बीमारियों से भी बचाता है। कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियां रोजा रखने से खत्म हो जाती हैं। रमजान में लोग दिल खोलकर खर्च करते हैं। गरीबों को जकात और खैरात दी जाती है। हमें चाहिए कि हम सहरी और इफ्तार के समय भी अपने पड़ोसियों और गरीब रिश्तेदारों का खास ख़्याल रखें। एक मुसलमान पर फर्ज है कि दुनिया की तालीम के साथ-साथ दीन की तालीम भी हासिल करे। रमजान के महीने में सहरी और इफ्तार के समय की जाने वाली दुआएं खास तौर पर कबूल होती हैं। सभी रोजेदारों से खास अपील है कि अपने साथ-साथ पूरी इंसानियत के लिए दुआ करें।

साकिर खान
सदर
इत्तेहादूल मुस्लेमीन कमेटी अहरौरा मिजार्पुर

जिले में संचारी रोगों के खिलाफ शुरू हुआ विशेष अभियान

प्रखर मिजार्पुर। जिला मुख्यालय पर एक बड़े आयोजन के साथ जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ अभियान शुरू हुआ। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रथम चरण जिले में 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक जिले में चलाया जायेगा। शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी अपने परिसर से उपस्थित लोगों को शपथ दिलाकर व रैली को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस आशय की जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर संजय द्विवेदी ने दी। इस अभियान के तहत जहां घर.घर जाकर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है वहीं इन रोगों को नियंत्रित करने के लिए जांच और तेज की जाएगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जनपद में आज यानि एक अप्रैल विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगोंए जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी बीच 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की जांच के लिए अमूमन हर साल 25 प्रतिशत जांचें लक्षित रहती थी। जबकि अब इसकी क्षमता करीब दोगुनी दी गई। इस वर्ष जिले में 70 प्रतिशत जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने वर्ष वार चिन्हित मरीजों का आंकड़ा भी बताया। नोडल अधिकारी गुलाब वर्मा ने बताया कि जो बीमारी एक मरीज से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में दूषित भोजनए जल या संपर्क या कीटनाशक या जानवर से फैलती है उसे संचारी रोग कहते हैं। इसमें प्रमुख रूप से डेंगूए मलेरियाए फाइलेरियाए कालाजारए चिकिनगुनियाए क्षय और कुष्ठ रोग आदि हैं। इन्हीं बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष संचारी रोग चल रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग एक नोडल के रूप में कार्य कर रहा है जबकि अन्य विभागों को सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सफाई के साथ लारवारोधी गतिविधियां और फागिंग भी कराई जा रही है। इस अभियान के तहत घर.घर सर्वेक्षण कर फ्लूए खांसीए बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाएगी। अभियान के दौरान आशा संगिनीए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमुख भूमिका में घर.घर जाकर अभियान सफल बनाएंगी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में मलेरिया निगरानी में सुधार और वार्षिक रक्त परीक्षण दर 10 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक फाइलेरिया और वर्ष 2023 के अंत तक कालाजार खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में कालाजार से प्रभावित गांवों में शत.प्रतिशत आवासों को पक्का और बालू मक्खी प्रतिरोधी बनाया जाएगा। फाइलेरिया से प्रभावित गांवों में माइक्रोफाइलेरिया की दर शून्य के तय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक परीक्षण किया जाएगा।

पहले दिन शिक्षकों ने तिलक व फूल देकर बच्चों का किया स्वागत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में सत्रारंभ के पहले दिन बच्चों का स्वागत तिलक व फूल भेंट कर किया गया। इस दौरान विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। वही पहले ही दिन शासन से मिली पुस्तको का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्कूल के प्रथम दिन की शुरूआत बेमौसम बारिश के साथ हुई। पहले दिन बारिश के कारण थोड़ी उपस्थिति कम रही। लेकिन उत्साह कम नही रहा। जनप्रतिनिधियों द्वारा कक्षा 4 व 5 में नई पुस्तक और अन्य कक्षा के छात्रों को पुरानी पुस्तक वितरित की गई। प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर में पहले दिन विशेष रूप से कक्षाएं सजाने के साथ फूल व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वही प्राथमिक विद्यालय चितईपुर नेहिया में जिला पंचायत सदस्य सविता देवी व ग्राम प्रधान पूजा सिंह ने बच्चो को पुस्तक वितरित किया। इसके अलावा बाबतपुर, खालिसपुर, जमापुर, फूलपुर, सिंधोरा, जाठी, पिंडरा, मंगारी, थानारामपुर समेत अनेक विद्यालयों बच्चो का स्वागत करने के साथ पुस्तके दी गई। पहले ही दिन कई स्कूलों में स्कूल चलो अभियान के तहत जनजागरूकता रैली निकाली गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी देवीप्रसाद दूबे ने बताया कि सभी स्कूलों में प्रथम दिन शासन द्वारा निर्गत पुस्तक वितरण कर दिया गया है। शेष पुस्तके अप्रैल माह तक स्कूलों में पहुच जाएगी। बेसिक शिक्षा द्वारा सत्र के प्रथम दिन ही पुस्तक वितरित कर एक संदेश दिया है।

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता - वेद प्रकाश सिंह

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता उक्त बातें आज कंपोजिट विद्यालय अहिरौली शिक्षा क्षेत्र ठेकमा में प्रधानाध्यापक अक्षय कुमार के सेवानिवृत्त सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व ब्लॉक समन्वयक वेद प्रकाश सिंह ने कहा।उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन पर्यन्त शिक्षा और बच्चों के प्रति समर्पित रहता है और इसी वजह से समाज में एक विशिष्ट दर्जा प्राप्त करता है। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान नीरज गौड़ ने कहा कि मैने इनको हमेशा अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक देखा है।राहुल यादव ने कहा कि अक्षय कुमार जी आज भले ही अवकाश ग्रहण कर रहे है हम सभी शिक्षकों को इनकी कर्तव्यनिष्ठा का अनुकरण करने की आवश्यकता है।न्याय पंचायत के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक यशवंत सिंह ने कहा कि अक्षय कुमार ने आदर्श शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए पूरी न्याय पंचायत का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। इसके अलावा कार्यक्रम को यशवंत सिंह,संजय यादव,शम्भूनाथ सिंह,द्रौपदी राय, विवेक प्रजापति,अरविंद यादव आदि ने संबोधित किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पारस राम और विवेक प्रजापति ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और आभार ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक सिंधुराम गौतम ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जय श्री यादव, सुनील यादव, संतोष कुमार, रेनु सिंह, मयंक राय, अबु सालिम, संजय यादव, सर्वेश गुप्ता, निर्मला देवी, शम्भूनाथ सिंह, रविकांत,मनोज यादव, अमित श्रीवास्तव, मनोज कुमार,धर्मेंद्र कुमार सहित न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक शिक्षामित्र एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया

प्रखर चिरईगाव वाराणसी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय छाही में पुस्तक वितरण समारोह आयोजित किया जिसके मुख्य अतिथि विनय तिवारी थे। ग्राम प्रधान सर्वेश यादव की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिन्दु सिंह अंशुप्रभा चतुर्वेदी रीना सीमा उपासना अचर्ना आलोक थे। कार्यक्रम का संचालन पार्थश्वर पाण्डेय ने किया।

बलिया: सुरहताल के किसानों के सामने गंभीर संकट

प्रखर डेस्क। बलिया के बसंतपुर ग्रामसभा में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के भवन पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के रोक और सुरहाताल को बर्ड सेंचुरी घोषित करने वाली याचिका के बीच सुरहा के तट पर बसे ग्राम सभाओं के किसान अपनी खेतिहर जमीन के भविष्य को लेकर चिंतित है। आपको बता दें कि इससे पहले बलिया के बसंतपुर ग्रामसभा में विश्वविद्यालय के लिए आवश्यक विभिन्न भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। लेकिन एनजीटी ने यह कहते हुए फिलहाल रोक लगा दिया कि निर्माण जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार सुरहाताल के बफर जोन ईको सेंसिटिव में आता है जो कि पर्यावरण के खिलाफ है। इस निर्णय के बाद से ही किसानों को अपनी खेतिहर जमीन जोकि उनके रोजी-रोटी का एकमात्र साधन है के जाने का डर सताने लगा है। किसानों का कहना है कि उनके जीवनयापन इन्ही खेतिहर जमीनों से चलती है अगर ये भी छीन गया तो वो कहीं के नहीं रहेंगे। एनजीटी के इस निर्णय से किसानों में काफी रोष है तथा उनके सामने रोजी रोटी का भी संकट उत्पन्न हो गया है। किसानों का कहना है कि शासन-प्रशासन भी इस गंभीर मुद्दे पर मौन साधे हुए है। जिससे उनकी चिंता को बल मिल रहा है। इसकी क्रम में सुरहा के पास बसे गांवों के प्रतिनिधियों ने बसंतपुर मठिया पर बैठक किया और अपनी जमीन को बचाने के लिए हर मोर्चे पर लड़ने का खाका तैयार किया। बैठक में तय हुआ कि किसान सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर सरकार और मुख्यमंत्री के नाम एक पत्रक देंगे और अपील करेंगे की सरकार इस मामले में दखल दे एवं किसानों के हित मे एनजीटी का निर्णय वापस ले। अगर इसके बाद भी किसानों की बात नहीं सुनी जाएगी तो सुरहा के तट पर बसे किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस बैठक में मुख्य बसंतपुर, श्रीपुर, बसदेवपुर, फुलवरिया, राजपूर, डुमरी, मैरीटार, सलेमपुर और सराया के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता महंत नित्यानंद मिश्र ने किया।

काशी में जी 20 सम्मेलन के दृष्टिगत रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स, लघु व्यापारियों को अतिक्रमण के नाम पर शोषण उत्पीड़न कर उनको उनके कारोबारी स्थानों से हटाया जा रहा है - संजय चोपड़ा

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। फुटपाथ के कारोबारी रेड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बनारस काशी में जी-20 सम्मेलन के नाम पर बनारस के स्थानीय प्रशासन द्वारा रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को उनके कारोबारी स्थानों से हटाए जाने के दौरान स्थानीय कारोबारी स्ट्रीट वेंडर्स महिला शकुंतला देवी के अस्मिक निधन हो जाने पर बनारस प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संयुक्त रूप से मांग की काशी के स्थानीय नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन अन्य विभागीय अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया` उत्तर प्रदेश बनारस काशी में जी-20 सम्मेलन के दृष्टिगत स्थानीय रेड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को अतिक्रमण के नाम पर शोषण उत्पीड़न कर उनको उनके कारोबारी स्थानों से हटाया जा रहा है अतिक्रमण हटाने के दौरान महिला स्ट्रीट वेंडर शकुंतला देवी की मौके पर ही अस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण काशी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारी केंद्र और राज्य सरकार से इंसाफ की मांग को लेकर आक्रोशित हो रहे हैं` इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा की दुख की इस घड़ी में बनारस के सभी लघु व्यापारियों के साथ उत्तराखंड के लघु व्यापारी एकजुटता के साथ खड़े हैं उन्होंने कहा काशी के जिन अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण के नाम पर स्थानीय कारोबारी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को उनके कारोबारी स्थानों से हटाया जा रहा है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है` उन्होंने कहा केंद्र की मोदी सरकार राज्य की योगी सरकार फुटपाथ के रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को प्रोत्साहित कर रही है वही काशी बनारस के स्थानीय प्रशासन द्वारा नियमों को ताक पर रखकर स्थानीय कारोबारी लघु व्यापारियों का शोषण उत्पीड़न किया जाना केंद्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम का घोर उल्लंघन है उन्होंने कहा शीघ्र ही बनारस काशी के लघु व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में पुनः व्यवस्थित व स्थापित नहीं किया गया तो बनारस काशी के लघु व्यापारियों के समर्थन में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किए जाएंगे उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की स्थानीय कारोबारी. महिला स्ट्रीट वेंडर्स शकुंतला देवी के परिजनों को 10,00,000 की मुआवजा राशि के साथ सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को भी दोहराया` उत्तर प्रदेश बनारस काशी के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश प्रकट कर कानूनी कार्यवाही की मांग करते उत्तराखंड के लघु व्यापारियों में राजकुमार एंथनी, महेंद्र सैनी, मोहनलाल, रणवीर सिंह, कमल सचदेवा, श्याम कुमार, सचिन राजपूत, सुमित सैनी, बलबीर गुप्ता, जय सिंह बिष्ट, चंदन सिंह रावत, आजम अंसारी, नईम सलमानी, तस्लीम अहमद, धर्मपाल कश्यप, अनूप सिंह, जय भगवान, वीरेंद्र सिंह, आशा देवी, सुमन गुप्ता, मंजू पाल, सुमित्रा देवी, पुष्पा दास, सुनीता चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। शिक्षा क्षेत्र मुहम्मदपुर के कमपोजिट विद्यालय रानीपुर रजमो प्रथम के प्रधानाध्यापक रहे राजेंद्र प्रसाद मिश्रा का सेवा काल 31 मार्च को समाप्त होने पर शनिवार को विद्यालय प्रांगण रामपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम उपाध्याय की अध्यक्षता में भव्य तरीके से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा ,विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार रहें व संचालन सौरभ कुमार उपाध्याय ने किया खास बात यह रही कि राजेंद्र प्रसाद मिश्रा रानीपुर रजमो गांव के निवासी हैं और प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय से लिए और इसी विद्यालय के प्रधानाध्यापक बंन कर आज सेवानिवृत्त हुए सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया विद्यालय के बालिकाओं के द्वारा नित्य स्वागत गीत किया गया प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद मिश्रा को खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार व ब्लॉक प्रमुख विजय विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्र रामायण बुक और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सनातन संस्था द्वारा आयोजित आठ दिवसीय रामनाम संकीर्तन अभियान संपन्न

प्रभु श्रीराम समस्त हिंदुओं के श्रद्धा स्थान हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम सभी अर्थों से आदर्श हैं। उनके नाम में अभूतपूर्व शक्ति है। कलियुग में नामजप का अत्यधिक महत्त्व है । हिंदुओं को प्रभु श्रीराम जी के नाम की शक्ति मिले, उनका आशीर्वाद मिले इस उद्देश्य से सनातन संस्था दवारा आठ दिवसीय रामनाम संकीर्तन आयोजित किया गया ।इस संकीर्तन में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल से अनेक रामभक्त जुड़े । इस संकीर्तन में श्रीराम जी की विविध गुण विशेषताएं तथा कार्य के विषय में भी जानकारी दी गई । श्रीराम जी से संबंधित शास्त्रीय जानकारी तथा नामजप से सभी रामभक्तों की भाव जागृति हुई। सनातन संस्था द्वारा चलाये जा रहे इस संकीर्तन की सभी ने प्रशंसा की और ऐसे कार्यक्रम बहुत आवश्यक हैं, ऐसे बताया। इस दृष्टि से हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जी के नाम संकीर्तन का आयोजन किया जायेगा।



नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष का जौनपुर में जोरदार स्वागत

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ अवध नाथपाल का आज जनपद में प्रथम आगमन पर सिंगरामऊ बॉर्डर से लेकर जगह जगह कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया वही स्वागत होते हुए पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव द्वारा उन्हें पार्टी का झंडा देकर टोपी लगाकर स्वागत किया तथा नेताओं कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात हिन्दी भवन में स्वागत समारोह को संम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ अवध नाथ पाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हम पर भरोसा जताया है उस भरोसे को हम अपने कार्यकताओं नेताओं के साथ मिलकर पूरा करने का काम करेंगे समाजवादी पार्टी को एक मजबूत संगठन के रूप में खड़ा करने का हमारा लक्ष्य है हर बूथ पर 20 यूथ बनाकर समाजवादी पार्टी से हर जात धर्म को जोड़कर हमको 2024 का चुनाव जितना है इस देश में जो सरकार हैं वह लगातार दलित पिछड़े कमजोर के लोगों पर अत्याचार कर रही है और दलित पिछड़ों के हित में भाजपा सरकार आज तक कोई कार्य नहीं किया है आरक्षण को खत्म करने की साजिश भाजपा सरकार की है जिसे हम समाजवादी लोग कभी सफल होने नहीं देंगे भाजपा देश में ऐसी पार्टी है जो सबसे ज्यादा दलित पिछड़ों की हानि की है अखिलेश यादव ही एक आखिरी उम्मीद है जो इस प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले जा सकते हैं भाजपा ने लोकतंत्र खत्म कर दिया संविधान को मानती नहीं और अपने तानाशाही रवैया से नागपुर के संविधान से देश को चलाना चाहते हैं ऐसे में हम आपकी जिम्मेदारी हैं कि अपने नेता अखिलेश यादव के साथ चलकर भाजपा का सफाया करेंगे।

पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा डॉ अवध नागपाल एक कर्मठ जुझारू तेवर के नेता है निश्चित रूप से जिलाध्यक्ष पूर्व में भी रहे हैं और वर्तमान में हैं उनकी कार्यशैली बहुत ही शानदार रही है और भविष्य में भी शानदार रहेगी यह हमेशा कार्यकताओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे उनके जिलाध्यक्ष बनने से निश्चित रूप से जनपद जौनपुर में समाजवादी पार्टी मजबूत हुई ।स्वागत समारोह में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव, पूर्व विधायक, लंलन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव ललई, राजनरायन बिन्द,सुषमा पटेल, अरशद खान, राजबहादुर यादव, राजनाथ यादव,श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, शकील अहमद, राजेंद्र टाईउ पूनम मौर्या, अनील दूबे, राजेश यादव, श्रवण जयसवाल नीरज पहलवान, रुक्सार अहमद, अनवारुल, अलमाश, शेखू, विकास, विवेक रंजन, गौरी सोनकर, सोनी, राजकुमार बिन्द,आरीफ हबीब, साजिश, इर्शाद,शबनम, मनोज मौर्या, अनील यादव प्रमोद, आदि संचालन निवर्तमान महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया ।

कॉन्वेंट स्कूल में नए शैक्षिक सत्र का जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया शुभारंभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर के तुलसी सागर स्थित लूडर्स कान्वेंट बालिका इंटर कॉलेज में नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत अशोक नाथ तिवारी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतीक के रूप में शिक्षक व शिक्षिकाओं को जलती हुई मोमबत्ती एवं घड़ा देकर किया। अपने संबोधन में शिक्षकों के गुण की व्याख्या करते हुए बताया शिक्षक अपने शिष्यों के लिए मोमबत्ती की लौ की तरह जलते हैं तथा अपने शिष्यों को कुम्हार के घड़े की तरह तरासते हैं एवं माली की तरह पौधों की देखभाल करते हैं। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बच्चों को सरकारी पुस्तकों का वितरण करते हुए छात्राओं को कठिन से कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मदन कुमार राय को सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कृत भी किया। विद्यालय में बन रहे मध्यान भोजन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए भोजन का स्वाद भी चखा। विद्यालय की सिस्टर संजीता एवं प्रीति सिंह के द्वारा विद्यालय के नियमों का पालन करने एवं अनुशासन के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर अल्फोंसा ने छात्राओं को नए सत्र की नई कक्षा में पहुंचने की बधाई देते हुए अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कठिन परिश्रम से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सिस्टर अंजना, सिस्टर मर्सिया, मीरा चतुर्वेदी, मयंक कुमार यादव, अनीता उपाध्याय, श्वेता राय, गार्गी उपाध्याय एवं छात्राएं उपस्थित रही।

संक्षिप्त खबरें

काशीवासियों का प्यार दिल में संजोएं, राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य सिक्किम रवाना

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य काफी भावुक नजर आए मौका था तीन दिन वाराणसी प्रवास के बाद सिक्किम रवानगी का` रवानगी के पूर्व रामनगर स्थित आवास पर सैकड़ों लोग जुटे और उन पर पुष्पवर्षा कर भावयुक्त विदाई दी काशीवासियों से मिले प्यार को दिल में संजोकर राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य सिक्किम रवाना हुए` रवानगी के वक्त आवास के बाहर जुटे लोगों के प्रति ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि रामनगर और वाराणसी के निवासियों का अपनापन ही उनकी ऊर्जा शक्ति और साहस है जो उन्हें समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है कर्त्तव्य पथ पर अपनत्व को कभी आड़े न आने देने वाले राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा अपने वाराणसी प्रवास के दौरान मेरे आत्मीय लोगों के प्रेम, सहयोग और स्नेह से मैं काफी अभिभूत हूँ आप सभी के साथ से मेरा आत्मबल बढ़ा है और देश के प्रति काम करने का जज्बा भी प्राप्त हुआ है इस विशेष साथ और सहयोग के लिए आपका शत-शत आभार इसी कड़ी में महामहिम राज्यपाल ने स्मृतिका प्रवाह, वाराणसी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के प्रति सम्मान और श्रद्धा स्वरूप प्रतिमा में पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक प्रखर राष्ट्रभक्त, एकात्म मानववाद के प्रणेता हैं।

हरियाणा निर्मित शराब लदी तस्करों की स्कॉर्पियो ट्रक से भिड़ी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित कुदारन चौराहे पर हरियाणा निर्मित महंगी अंग्रेजी शराब लदी तस्करों की स्कॉर्पियो से देर रात ट्रक से टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में 40 पेटी शराब लादकर तस्कर सोनभद्र से टेंगरा मोड़ की तरह जा रहे थे तभी तस्करों का वाहन थाना क्षेत्र के कुदारन चौराहे के समीप ट्रक से दुर्घटना के बाद छति ग्रस्त हो गई। चौराहे के समीप हुई ट्रक से टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दें दी। शराब तस्कर कुछ समझ पाते तब तक दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। जिस पर अंधेरे का लाभ उठाकर शराब तस्कर शराब समेत वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें लदे 40 पेटी अलग-अलग ब्रांडो के महंगी शराब बरामद किया। रॉयल स्टेज 17 पेटी, ब्लेंडर प्राइड 12 पेटी,जानी वाकर ब्लेंड स्कॉच रेड लेबल 11 पेटी, जिनकी मात्रा 780 ml बडी बोतल थी। वाहन संख्या BR 01,PG 3545 को थाने ले आए। पूर्व में भी शराब तस्करों की वाहन शराब समेत पकड़े गए हैं ।अक्सर हरियाणा निर्मित शराब को बिहार ले जाकर तस्करी करते हैं। पुलिस ने गाड़ी को जप्त कर बरामद शराब को आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

गैस सिलेंडर लदा ट्रक पलटा, हादसा टला

प्रखर मिजार्पुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के प्राचीन हनुमान मंदिर हिनौता के समीप राजगढ़ चुनार मार्ग पर गैस सिलेंडर से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। संयोग रहा कि दुर्घटना में ट्रक के चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने वाहन में फंसे चालक को सुरक्षित निकाल कर चिकित्सालय भेजवाया। जानकारी अनुसार ट्रक चालक रोहित यादव पुत्र अशरफ यादव जिला मुजफ्फरनगर बिहार चुनार की तरफ से गैस सिलेंडर ट्रक में लादकर राजगढ़ की तरफ आ रहे थे कि राजगढ़ थाना क्षेत्र के प्राचीन हनुमान मंदिर के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई! हादसे में चालक रोहित यादव पुत्र अशर्फी यादव निवासी मुजफ्फरनगर को पैर में हल्की चोट लगी है। उधर घटना की जानकारी होने पर एजेंसी से जुड़े कई लोग मौके पर पहुंच गए और खाई में पलटे ट्रक के पास बिखरे सिलेंडरों को एकत्र कराने में जुट गए हैं। बताया जाता है कि पलटी ट्रक झारखंड की ओर जा रहा था।

भरोहिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा नीबा व रमवापुर में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज भरोहिया ब्लाक के संयुक्त खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव के देखरेख में नीबा व रमवापुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से लोगों के समस्या का समाधान कराए गए इस दौरान ग्रामीणों से सरकारी योजना व विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं की जानकारी देते हुए गहनता से जानकारी ली जिस पर ग्रामीण राशन, आवास, शौचालय, पेंशन ,पोषाहार व अन्य सुविधा मिलने की भी बात कही ।एडीओ पंचायत एंजुलेंस केरकेट्टा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से ही गांव में जन चौपाल का आयोजन किए जाने का आदेश दिया गया है शासन की ओर से पंचायतों में संचालित सभी योजना आवास पात्रता सूची वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन राशन कार्ड प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रमवापुर अकाली देवी ,सचिव बबीता यादव व रीता गुप्ता, एडीओ आईएसबी अजय कुशवाहा, हल्का लेखपाल छागूर प्रसाद व ग्रामसभा नीबा, रमवापुर के ग्रामवासी मौजूद रहे।

डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज थाना अंतर्गत तुर्कवालिया में बाइक सवार एक युवक की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। बाइक सवार भागवत शर्मा पुत्र लालचंद शर्मा खुंटाभार थाना खजनी का बताया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी पीपीगंज अश्वनी चौबे ने बताया बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई और युवक की मां को हल्की फुल्की चोट लगी है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया गया है। पुलिस की सक्रियता से घटनास्थल के पास से डंपर पकड़ ली गई है जिसका नंबर यूपी 53 ईटी 9210 है। थाना प्रभारी पीपीगंज ने बताया मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अवकाश प्राप्त शिक्षक को सम्मान पूर्वक दी गई विदाई

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। जमालपुर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंडाडीह में नियुक्त शिक्षक प्रभु नारायण सिंह के 31 मार्च को अवकाश ग्रहण करने पर विद्यालय परिवार में ससम्मान विदाई समारोह का आयोजन कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए विदाई किया गया । सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है शिक्षक का दायित्व समाज में लोगों को सही रास्ता दिखाना होता है । जब तक वह विद्यालय में कार्य करता है शासन के दिशा निदेर्शों के तहत वह बच्चों को शिक्षा देता है और उनके भविष्य को संवारने का कार्य करता है । अवकाश ग्रहण करने के बाद उसकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है और वह समाज के लिए कार्य करता है और समाज में भटके हुए लोगों को राह दिखाता है । अधिकांश प्राप्त शिक्षक प्रभु नारायण सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि प्रभु नारायण सिंह द्वारा पूरे मेहनत और लगन के साथ विद्यालय में कार्य किया गया है इनके कार्य की प्रशंसा यहां के बच्चे एवं गांव के लोग भी करते हैं । विद्यालय के अध्यापक या एसआरजी सरदार तिवारी ने कहा कि प्रभु नारायण सिंह बहुत ही परिश्रमी एवं सामाजिक तथा मिलनसार शिक्षक है । उन्होंने उनके अवकाश ग्रहण करने के बाद स्वस्थ रहने के लिए प्रभु से कामना किया । अंत में अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रभु नारायण सिंह ने सब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल में अनुभव किए गए खट्टे मीठे अनुभव को अनुपस्थित शिक्षकों से बताया। इस अवसर पर अरविंद कुमार त्रिपाठी, अमरेश सिंह, बृजेश सिंह, अखिलेश सिंह, प्रभाकर सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंडा डीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी, अनुदेशक दीपक सिंह पटेल, किरण देवी, रोशन पटेल,

राघव-परिणीति की शादी पर हार्डी की मुहर

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा की आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा के साथ आउटिंग हाल ही में सुर्खियां बटोर रही है। इस बीच परिणीति के कोड नेमः तिरंगा के को-स्टार हार्डी संधू ने दोनों के बीच के रिश्ते पर मुहर लगा दी है।

हाल ही में संधू ने कहा कि जब वे कोड नेमः तिरंगा की शूटिंग कर रहे थे तो वे शादी के बारे में बात करते थे। उन्होंने डीएनए को बताया, जब हम कोड नेमः तिरंगा की शूटिंग कर रहे थे, तब हमारी शादी को लेकर चर्चा होती थी और वह हमेशा कहती थी कि मैं तब शादी करूंगी, जब मुझे लगेगा कि मुझे सही लड़का मिल गया है। संधू ने कहा कि वह पहले ही एक्ट्रेस के साथ बात कर चुके हैं। उन्होंने जल्द ही शादी होने पर परिणीति को बधाई दी है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के नेता संजीव अरोड़ा ने मंगलवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर राघव और परिणीति को शादी की बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, मैं राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा को हार्दिक बधाई देता हूं। उनको ढेर सारा प्यार, खुशी के साथ हमेशा एक साथ रहे। मेरी शुभकामनाएं।

गर्मी का टीजर रिलीज

मुंबई (आईएएनएस)। आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज गर्मी के टीजर का अनावरण किया गया है, जिसमें अरविंद शुक्ला नामक शख्स की कहानी है, जो अपने गृहनगर से बाहर निकल कर सिविल सेवा की तैयारी करने के लिए एक छात्रावास में जाता है। श्रृंखला का निर्देशन फिल्म निर्माता-अभिनेता तिग्मांशु धूलिया ने किया है और टीजर में अरविंद को कॉलेज में अपने वरिष्ठ की पिटाई करते हुए दिखाया गया है। अरविंद की सिविल सेवक बनने की आकांक्षा है। वह कॉलेज की राजनीति, पावरप्ले और अपराध की दुनिया में फंस जाता है। गर्मी में मुकेश तिवारी, विनीत कुमार, पंकज सारस्वत, जतिन गोस्वामी, व्योम यादव, पुनीत सिंह, अनुराग ठाकुर, अनुष्का कौशिक, दिशा ठाकुर, धीरेंद्र गौतम जैसे स्टारकास्ट प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

'सख्ती' बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका

■ भाषा।

नई दिल्ली।



सख्ती बरतने से तात्पर्य शारीरिक और मानसिक दोनों तरीकों से है

सख्ती से लालन-पोषण करने पर बच्चे के अत्यधिक खतरे की श्रेणी में आने की आशंका डेढ़ गुना अधिक

अपनी संतानों को अनुशासन में रखने के लिए उनके साथ सख्ती बरतने वाले माता-पिता के बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित होने का खतरा अन्य बच्चों के मुकाबले डेढ़ गुणा अधिक होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने तीन, पांच और नौ साल की उम्र के बच्चों में घबराहट, समाज से दूर रहने, गुस्सा और अत्यधिक सक्रिय रहने जैसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लक्षणों का अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि 7,500 से अधिक बच्चों में से 10 प्रतिशत बच्चों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का अत्यधिक जोखिम है और अधिक सख्ती बरतने वाले माता-पिता के बच्चों के इस श्रेणी में आने की अधिक संभावना है।

ब्रिटेन स्थित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और आयरलैंड स्थित यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया और इसे 'एपिडेमियोलॉजी एंड साइकियाट्रिक साइंसेज' पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। सख्ती बरतने का तात्पर्य शारीरिक या मनोवैज्ञानिक दोनों तरह के तरीकों से है। इसमें बच्चों पर बार-बार चिल्लाना, उन्हें अक्सर शारीरिक रूप से दंडित करना, गलत व्यवहार करने पर उन्हें अलग-थलग करना, उनके आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाना या माता पिता का अपने मिजाज के हिसाब से बच्चों को सजा देना शामिल है।

10 में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के अत्यधिक खतरे की श्रेणी में

इस अनुसंधान के लेखक एवं कैम्बिज विश्वविद्यालय में कार्यरत आयोनिस कैटसेंटोनिस ने कहा, 10 में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के अत्यधिक खतरे की श्रेणी में आती है। यह बात चिंताजनक है और हमें यह पता होना चाहिए कि बच्चों का पालन-पोषण करने का तरीका इसमें क्या भूमिका निभाता है। जिन बच्चो को अध्ययन में शामिल किया गया, उनमें से 83.5 प्रतिशत बच्चे नौ साल की उम्र तक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कम जोखिम की श्रेणी में रहे, जबकि 6.43 बच्चे मध्यम खतरे की श्रेणी और 10.07 बच्चे अत्यधिक खतरे की श्रेणी में रहे। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सख्ती से पालन-पोषण करने पर बच्चे के अत्यधिक खतरे की श्रेणी में आने की आशंका डेढ़ गुणा अधिक और मध्यम खतरे की श्रेणी में आने की आशंका 1.6 गुणा अधिक होती है।

किसी का भाई किसी का जान का गाना 'बथुकम्मा' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी का जान का गाना 'बथुकम्मा' रिलीज हो गया है। सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म का नया गाना

'बथुकम्मा' रिलीज हो गया है। सलमान इस गाने में लुंगी पहने दिख रहे हैं। पूजा हेगड़े भी साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। गाने को पूरी तरह से साउथ के बैकग्राउंड पर फिल्माया गया है। सलमान फिल्म किसी का भाई किसी का जान में 'पूजा हेगड़े' के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। किसी का भाई किसी की जान का प्रोडक्शन सलमान खान के ही प्रोडक्शन हाउस ने किया है। यह एक एक्शन पैक्ड फिल्म है, जिसे फरहाद सम्जी ने निर्देशित किया है। सलमान और पूजा के अलावा इस फिल्म में शहनाज गिल, पलक तिवारी, वेंकटेश दग्गुबाती, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल और विनाली भटनागर जैसे सितारे नजर आएंगे। वहीं फिल्म में हनी सिंह और 'आरआरआर' फेम राम चरण का केमियो रोल भी देखने को मिलेगा। किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ममी का सार्वजनिक प्रदर्शन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

ममी ऐसे शव होते हैं, जिन्हें रसायनों की मदद से संरक्षित किया जाता है

मेक्सिको सिटी (एपी)। मेक्सिको सरकार के विशेषज्ञों ने कहा है कि वे 1800 के दशक की कुछ ममी को जगह-जगह ले जाकर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाने का आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका से चिंतित हैं। ममी ऐसे शव होते हैं जिन्हें रसायनों की मदद से संरक्षित किया जाता है। इसके अलावा गुआनाजुआटो राज्य में खनिज संपन्न सूखी मिट्टी में दफनाये गये कुछ शव भी प्राकृतिक रूप से सुरक्षित हो जाते हैं। मेक्सिको के इस राज्य में प्राकृतिक रूप से ममी बनने वाले बरसों पुराने कई शव ऐसे हैं, जिन पर अब भी बाल, कठोर त्वचा और मूल कपड़े हैं। हालांकि ये शव ममी कैसे बने, इसके बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं है।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि ये प्राकृतिक रूप से संरक्षित हो गए, तो कुछ का कहना है कि जलवायु और खनिज लवण युक्त मिट्टी के कारण ऐसा होता है। कुछ जानकारों ने यह तर्क भी दिया है कि शवों को जमीन के नीचे बनाये गए तहखानों (क्रिप्ट) में रखने की वजह से ये सुरक्षित हैं। देश के राष्ट्रीय मानव विज्ञान एवं इतिहास संस्थान ने एक बयान में बताया कि इनमें से एक ममी में फफूंद लगती प्रतीत हो रही है, जिससे लोगों के संक्रमित होने की आशंका है।संघीय संस्थान ने मेक्सिको सिटी के एक पर्यटन मेले में कांच की पेटी में छह ममी को प्रदर्शित करने के राज्य सरकार के फैसले से दूरी बना रखी है।

'भोला' ने रिलीज के पहले दिन 11.20 करोड़ रुपए

मुंबई (भाषा)। अजय देवगन अभिनीत फिल्म 'भोला' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 11.20 करोड़ रुपये की कमाई की। निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अजय देवगन ने फिल्म 'भोला' का निर्देशन भी किया है। फिल्म में अभिनेत्री तब्बू भी अहम भूमिका में हैं। बृहस्पतिवार को रिलीज हुई इस फिल्म को मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म का निर्माण 'अजय देवगन एफ फिल्म्स', 'रिलायंस एंटरटेनमेंट', 'टी-सीरीज फिल्म्स' और 'ड्रीम वॉरीयर्स पिक्चर्स' के बैनर तले किया गया है।निर्माताओं की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फिल्म ने रिलीज के पहले दिन भारत में 11.20 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म तमिल फिल्म 'कैथि' का हिंदी संस्करण है, जिसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया था। फिल्म 'भोला' में दीपक डोबरियाल, विनीत कुमार, संजय मिश्रा और गजराज राव जैसे कलाकार भी हैं।

पौधे आसपास की आवाजों को कर सकते हैं महसूस

क्वींसलैंड (द कन्वरसेशन)। यदि आप मेरे जैसे हैं, तो आप ऐसे इनडोर पौधों को भी मारने में कामयाब हो जाते होंगे, जो वैसे बहुत सख्तजान होते हैं (हां, पौधे जीव विज्ञान में डॉक्टरेट के बावजूद)। लेकिन एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां आपके पौधों को जब पानी की जरूरत हो, वह आपको बताएं। यह ख्याल अपने आप में अजीब भले हो, लेकिन मूर्खतापूर्ण नहीं हो सकता है। हो सकता है कि आपको इस बात का अंदाजा हो या आपने उन अध्ययनों के बारे में सुना हो, जिनमें सुबूत के साथ यह बताया गया है कि पौधे अपने आसपास की आवाजों को महसूस कर पाते हैं। अब नए शोध से पता चला है कि वे तनाव होने (जैसे कि पानी के अभाव, या काटे जाने से)की सूरत में बाकायदा आवाजें निकाल सकते हैं । तेल अवीव विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के नेतृत्व में एक टीम ने दिखाया है कि टमाटर और तंबाकू के पौधे न केवल आवाज करते हैं, बल्कि इतनी तेज आवाज करते हैं कि दूसरे जीव सुन सकें। उनके निष्कर्ष, आज जर्नल सेल में प्रकाशित हुए हैं, जो हमें पौधों की समृद्ध ध्वनिक दुनिया को समझने में मदद कर रहे हैं, एक ऐसी दुनिया जो हमारे चारों ओर है, पर कभी भी इन्सान के कानों तक नहीं पहुंच पाई है।

■ नए शोध से पता चला है कि पौधे तनाव होने (जैसे कि पानी के अभाव, या काटे जाने से) की सूरत में बाकायदा आवाजें निकाल सकते हैं

पौधे काटे जाने या सूखे जैसे तनाव से दूर नहीं भाग सकते

इसके बजाय, उन्होंने जटिल जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं को विकसित किया है और आसपास के जीवों द्वारा उत्पादित प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण, तापमान, स्पर्श और वाष्पशील रसायनों सहित पर्यावरणीय संकेतों के जवाब में गतिशील रूप से अपना विकास बदलने की क्षमता विकसित की है। ये संकेत उन्हें अपने विकास और प्रजनन की सफलता को अधिकतम करने, तनाव के लिए तैयार करने और प्रतिरोध करने में मदद करते हैं और अन्य जीवों जैसे कि कवक और बैक्टीरिया के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध बनाते हैं।

पौधों भी करते हैं वायुवाहित ध्वनियां

2019 में, शोधकर्ताओं ने दिखाया कि मधुमक्खियों की भनभनाहट पौधों को मीठा पराग पैदा करने के लिए प्रेरित कर सकती है। अन्य ने सरसों के परिवार के एक फूल वाले पौधे अरबिडोप्सिस में एक खास शोर के प्रति प्रतिक्रिया होते दिखाया है। अब, लीलाच हडनी, जिन्होंने उपरोक्त मधुमक्खी पराग अध्ययन का नेतृत्व किया, की अगुवाई में एक टीम ने टमाटर और तम्बाकू के पौधों, और पांच अन्य प्रजातियों (अंगूर की बेल, हेनबिट डेडनेटल, पिनकुशन कैक्टस, मक्का और गेहूं) द्वारा उत्पन्न वायुवाहित ध्वनियों को रिकॉर्ड किया है। ये ध्वनियां अल्ट्रासोनिक थीं, 20-100 किलोहर्ट्ज की सीमा में और इसलिए मानव कानों द्वारा नहीं पहचानी जा सकतीं।

फिल्म मैदान का टीजर रिलीज

मुंबई मार्च (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का टीजर रिलीज हो गया है। अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। मैदान का टीजर सिनेमाघरों में भोला के साथ ही रिलीज किया गया है, जिसमें अजय फुटबाल गेम के गोल्डन पीरियड की कहानी को दर्शाते हुए नजर आ रहे हैं। 'मैदान' के 1 मिनट और 31 सेकेंड के टीजर की शुरुआत होती है, हेल्सिकी ओलंपिक मैदान से, जिसमें भारतीय प्लेयर भरी बारिश में फुटबॉल मैच खेलते हुए नजर आ रहे हैं। इस ओलंपिक मैच में उनकी भिड़ंत यूगोस्लावियन्स के प्लेयर से होती है। टीजर में भारतीय खिलाड़ी बिना जूतों के भारी बारिश में मैच खेलते हुए नजर आ रहे हैं। टीजर में 1952 से लेकर 1962 तक के उस गोल्डन पीरियड को दर्शाया गया है, जब भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों का गोल्डन पीरियड था। जहां वह धनाधन गोल मारते हुए नजर आ रहे हैं।

मैदान एक अज्ञात नायक की सच्ची कहानी है, जिसने भारत के लिए फुटबॉल में ऐसा इतिहास और रिकार्ड बनाया जिसकी बराबारी 60 सालों में भी कोई नहीं कर पाया। फिल्म में अजय फुटबाल कोच सैय्यद अब्दुल रहीम के किरदार में हैं। अजय देवगन के अलावा 'मैदान' में उनके साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

सलार की शूटिंग जेम्स बॉन्ड फिल्म के लोकेशन पर हुई

हैदराबाद (आईएएनएस)। केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील प्रभास स्टारर सलार की शूटिंग कई लोकेशन पर कर रहे हैं ताकि लोगों को यह खूब पसंद आए। मार्च में टीम ने अपना लोकेशन बदलकर मटेरा किया जो इटली के दक्षिण में है। यह जगह अपनी प्रागैतिहासिक सफेदी वाली गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है। यहीं फिल्म की शूटिंग हो रही है। सलार प्रशांत नील द्वारा लिखित और निर्देशित और विजय किरागंदुर की होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित है। 2021 की जेम्स बॉन्ड फिल्म नो टाइम टू डाई की शूटिंग मटेरा में ही हुई थी। कई अन्य अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां की गई है। यूनिट के सूत्रों ने बताया कि सलार प्रोडक्शन अब नेपल्स में स्थानांतरित हो गया है, जहां दक्षिणी बंदरगाह शहर के केंद्रीय पियाजा डेल प्लेबिस्किटो प्लाजा में फिल्मांकन की तैयारी चल रही है। स्थानीय पुलिस सेट बनाने में मदद कर रही है, जिसमें रात की शूटिंग के लिए ड्रोन और रोशनी का उपयोग शामिल है। मटेरा और नेपल्स के अलावा, अन्य सलार लोकेशन में रोम और बुडापेस्ट शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक पैन-इंडिया फिल्म में प्रभास दोहरी भूमिका निभाते नजर आएंगे।कथानक का विवरण अभी अधूरा है, सलार को विभिन्न देशों के दो युवाओं के बारे में कहा जाता है जो दूरी और सांस्कृतिक अंतर के बावजूद प्यार में पड़ जाते हैं और कई चुनौतियों को पार करते हैं।

शाहरुख खान के साथ 'कॉफी विद करण 8' की शुरुआत

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, शाहरुख खान के साथ'कॉफी विद करण 8'की शुरुआत कर सकते हैं। करण जौहर ने अपने टॉक शो 'कॉफी विद करण' में बतौर होस्ट काफी पॉपुलैरिटी बटोरी है। चर्चा है कि करण 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन लेकर आ रहे हैं। 'कॉफी विद करण 8'को लेकर कहा जा रहा है कि यह शो इसी साल के अगस्त या सितंबर महीने में स्ट्रीम हो सकता है।

पिछले सीजन में कई नामी चेहरे शो में नजर आए थे, लेकिन इसमें शाहरुख खान नजर नहीं आए। लेकिन इस बार के गेस्ट लिस्ट में शाहरुख खान का नाम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इस टॉक शो में इस बार बॉलीवुड से लेकर कई साउथ सितारों की भी एंट्री देखी जा सकती है। बताया जा रहा है कि इस शो की शुरूआत शाहरुख खान से ही होगी। इसमें वह अपनी सुपरहिट फिल्म 'पठान' के बारे में बात करेंगे। कहा जा रहा है कि इस शो में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस स्टार्स यश, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी को उनकी पत्नियों के साथ आमंत्रित किया जाएगा।

सोनू सूद एमटीवी रोडीज के नए सीजन के साथ लौटे

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता सोनू सूद, जिन्होंने भारत में कई फिल्म उद्योगों में काम किया है, युवा एडवेंचर टेलीविजन शो एमटीवी रोडीज सीजन 19 में वापसी कर रहे हैं। शो के मेकर्स ने शुक्रवार को शो का प्रोमो रिलीज किया। सोनू को हाल ही में शो के अगले सीजन की तैयारी के लिए अमृतसर में देखा गया था। सीजन के ऑडिशन की घोषणा की शुरूआत करते हुए, वीडियो में उन्हें किसी यात्रा के लिए गन्ने के रस के साथ तैयारी करते हुए दिखाया गया है। टीजर लॉन्च में शो के नवीनतम सीजन कर्म या कांड का लोगो है। आगामी सीजन को लेकर उत्साहित सोनू ने कहा, एमटीवी रोडीज ने लगातार देश भर के दर्शकों के लिए रोमांच के अर्थ को नए सिरे से परिभाषित किया है। मैं एमटीवी रोडीज के नए सीजन के साथ वापस आकर रोमांचित हूं। यह रोमांचकारी होने वाला है। अभिनेता ने आगामी सीजन में कुछ रहस्यमय दृश्यों का भी उल्लेख किया। रणविजय सिंघा की जगह अब सोनी शो के होस्ट होंगे। कर्म या कांड की थीम के साथ, एमटीवी रोडीज सीजन 19 अपने ऑन-ग्राउंड ऑडिशन के साथ वापसी करने के लिए तैयार है।

पोषण पखवाड़ा के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

पिंडरा। जनमित्र न्यास/ मानवाधिकार जननिगरानी समिति व पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन पिंडरा में हुआ। जिसमे मिलेट्स (मोटा अनाज) जैसे जौ,बाजरा,मक्का, तीसी व स्थानीय खाद्य पदार्थों सहित आयरन की गोली ,संचारी व गैरसंचारी बीमारी पर चर्चा की गई। जिसमे किशोरी सहित गर्भावती व धात्री महिलाओं ने भाग लिया। समिति के कार्यकर्ता मंगला प्रसाद, विनोद कुमार संजय राजभर व काउंसलर गीता मौर्या , मुख्य सेविका शीला यादव व अनिता सिंह सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मीना कुमारी, विजय लक्ष्मी, राजकुमारी,रीना, रीता सिंग,मनोरमा, अनिता देवी, अनिता श्रीवास्तव, शशिकला, इन्द्रावती गुप्ता,मीना देवी, पार्वती, संजू देवी सहित प्रधानाचार्य शकीला परवीन व किशोरी सहित समुदाय के लोग भागीदारी कर पोषण पखवाड़ा के मुद्दे पर प्रकाश डाला।

मंडल उपाध्यक्ष ने राज्यपाल का किया स्वागत

प्रखर रामनगर वाराणसी। रामनवमी के शुभ अवसर पर महामहिम सिक्किम के राज्यपाल हमलोग के परम आदरणीय श्री लक्ष्मण आचार्य जी को श्री राम जी का चित्र देकर आशीर्वाद लिया जब उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कभी झुकना नहीं सिखाया है ये कार्य करते रहो आगे बढ़ते रहो का आशीर्वाद दिया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष मुकेश कुमार कसेरा, श्री अशोक जायसवाल, आनन्द चौहान, मान सिंह चौहान, ओपी पटेल, रितेश पाल गौतम, आयुष एवं नगर वरिष्ठ गण मौजूद रहे।

स्कूल चलो अभियान के तहत पुस्तक वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ

प्रखर रामनगर वाराणसी। अपने क्षेत्र वार्ड नंबर 65 पुराना रामनगर में कंपोजिट विद्यालय वाजिदपुर में माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के आह्वान पर स्कूल चलो अभियान के तहत पुस्तक वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रुप से सुश्री आशा गुप्ता, महानगर नगर मंत्री अनुपम गुप्ता, राजकुमार सिंह,(सभासद) रितेश पाल, कार्यकारिणी सदस्य रितेश राय, प्रधानाचार्य अजय तिवारी, संजय चतुर्वेदी, बुलबुल मिश्रा स्वास्तिक श्रीवास्तव,और विद्यालय परिवार के लोग सम्मिलित रहे।

एसबीआई बैंक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना का दिया लाभ

प्रखर वाराणसी। भारतीय स्टेट बैंक की हरहुआ शाखा द्वारा शनिवार दिनांक 01/04/2023 को मृतक के परिजनों को 20 लाख का चेक प्रदान किया गया। बिमा योजना के तहत सुनिता देवी पत्नी राधे विश्वकर्मा को उनके पुत्र शिवम विश्वकर्मा के मृत्यु के बाद बीमा की धनराशि २० लाख का भुगतान उनके खातें में किया गया` इस मौके पर शाखा प्रबंधक श्री शिवम हर्ष, सहायक महाप्रबंधक क्षेत्र द्वितीय सुश्री रिचा यादव एवं मुख्य प्रबंधक श्री प्रमोद कुमार एवं बैंक के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्या

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय तहसील के सभागार में शनिवार को तहसील समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस दौरान 140 फरियादियों ने तहसील पहुंच जिलाधिकारी से अपनी फरियाद सुनाई।सुनवाई के दौरान पड़े 140 प्रार्थना पत्रों में से 8 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर किया गया शेष फरियादियों के हाथ मायूसी लगी।शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को गुणवक्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी,क्षेत्राधिकारी,तहसीलदार समेत पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के लोग मौजूद रहे।

गुजरात से मैच जीतकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

प्रखर वाराणसी। रूपापुर चौराहा पर गुरुवार की शाम अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट मैच जीतकर गुजरात के वडोदरा से लौटे ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी अमित बिंद, सलमान, बसंत लाल बिंद व आशीष कुमार यादव का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।खिलाड़ियों ने 24 से 28 मार्च तक हुए व्हीलचेयर मैच में भारत की ओर से खेलते हुए श्रीलंका को हराया था। स्वागत करने वालो में अमन यादव, विशाल, भैयालाल, रोहित, आशीष समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति 5.86 लाख करोड़ रुपए घटी

■ नई दिल्ली (भाषा)।

■ वर्ष 2022-23 में सेंसेक्स मामूली 0.72 प्रतिशत बढ़ा

घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के साथ देश में शेयर निवेशकों की संपत्ति वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 5.86 लाख करोड़ रुपये घट गई। घरेलू शेयर बाजार को वित्त वर्ष 2022-23 में कई विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसमें ऊंची मुद्रास्फीति, यूक्रेन पर रूस के हमले से उत्पन्न वैश्विक तनाव, उच्च ब्याज दर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी और हाल ही में वैश्विक बैंकिंग उथल-पुथल शामिल हैं।

कोष प्रबंधन कंपनी कोटक चेरी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीकांत सुब्रमण्यन ने कहा, 'इस वित्त वर्ष में हमने दुनिया के विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के आक्रामक मौद्रिक नीति रुख के साथ ब्याज दर में बढ़ोतरी, अमेरिका और यूरोप में बैंकिंग संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध देखा है।' बाजार में सुस्त रुझान के बीच, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण वित्त वर्ष 2022-23 में 5,86,605.38 करोड़ रुपये घटकर 2,58,19,896.00 करोड़ रुपये रह गया।

ऑनलाइन शेयर व्यापार ऐप ट्रेडिंगो के संस्थापक पार्थ न्याती ने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान शेयर बाजार के सामने मुख्य मुद्दा मुद्रास्फीति थी। लिहाजा दुनियाभर में ब्याज दरें बढ़ीं और निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। न्याती ने कहा कि मंदी की चिंताओं तथा वैश्विक बैंकिंग प्रणाली में संकट के मामलों ने बाजार को और भी कमजोर कर दिया। वहीं अमेरिका की वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के अडाणी समूह पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी के आरोप के बाद से घरेलू निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बहरहाल, वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन विदेशी कोषों की ताजा आवक से, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बढ़त के साथ चालू वित्त वर्ष को समाप्त करने में कामयाब रहा। पूरे वित्त वर्ष की बात की जाए तो 2022-23 में बीएसई सेंसेक्स केवल 423.01 अंक यानी 0.72 प्रतिशत मजबूत हुआ।। बीएसई वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन 1,031.43 अंक यानी 1.78 प्रतिशत चढ़कर 58,991.52 पर बंद हुआ।

देशभर में 50 नयी शाखाएं खोलेगा बंधन बैंक

■ कोलकाता (वार्ता)।

■ बैंक का बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश में शाखाओं के नेटवर्क विस्तार पर जोर

■ बंधन बैंक उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय बैंकिंग अनुभव देने को प्रतिबद्ध : घोष

बंधन बैंक ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन शुक्रवार को 50 शाखाएं खोलने की घोषणा की। बैंक की ओर से यहां शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार ये शाखाएं देश भर में खोली जाएंगी, जिनमें से अधिकांश बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश में होंगी। आज की घोषणा को जोड़ दिये जाने के बाद बंधन बैंक के पास अब 1,400 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क हो गया है। नयी शाखाओं का विस्तार देश भर में अपनी पहुंच का विस्तार करने और ग्राहकों के सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है।

बयान में कहा गया है कि नयी शाखाएं ग्राहकों को दायित्व और संपत्ति उत्पादों की पूरी श्रृंखला के साथ बंधन बैंक के अद्वितीय ग्राहक प्रस्तावों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी। बैंक संपत्ति बही और भौगोलिक उपस्थिति के विविधीकरण की अपनी याात्रा पर अच्छी तरह से चल रहा है। बैंक पूर्व और उत्तर-पूर्व के बाहर के क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है और अगले कुछ वर्षों में सुरक्षित ऋणों की हिस्सेदारी में काफी वृद्धि करना चाहता है। बैंक की अगले वित्तीय वर्ष में नए उत्पादों को पेश करने और सेवाओं की चौड़ाई बढ़ाने की भी योजना है।

इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंद्र शेखर घोष ने कहा, "हमारे देश को बैंकिंग संस्थाओं की गहरी पैठ की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर किसी की बैंकिंग तक पहुंच हो। बंधन बैंक सभी के लिए एक बैंक बनने के लिए प्रतिबद्ध है और हम सभी प्रकार के ग्राहकों की सेवा करने के लिए अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज की घोषणा अपनी पहुंच बढ़ाने और पूरे भारत में विश्व स्तरीय उपभोक्ता बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की बैंक की रणनीति का एक और कदम है।"

उन्होंने कहा कि अपने व्यापक वितरण नेटवर्क और मजबूत डिजिटल चैनलों के माध्यम से, बंधन बैंक वास्तव में एक सार्वभौमिक बैंक के रूप में उभरा है, जो सभी भारतीयों की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है, चाहे वे कहीं भी हों, उन्हें जो भी उत्पाद या सेवाएं चाहिए, और लेनदेन का कोई भी तरीका हो।

सेंसेक्स 1031 अंक उछला

■ मुंबई (भाषा)।



मजबूत वैश्विक रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के बीच वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में 1,031 अंक से अधिक की तेजी रही। शेयर बाजार में विदेशी कोषों की ताजा आवक से भी कारोबारी धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,031.43 अंक यानी 1.78 प्रतिशत बढकर 58,991.52 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,108.38 अंक तक चढ गया था।

इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 279.05 अंक यानी 1.63 प्रतिशत चढकर 17,359.75 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे अधिक चार प्रतिशत की बढत रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई।

इसके अलावा नेस्ले, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक भी बढत दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे।

दूसरी ओर सन फार्मा, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टाइटन में गिरावट हुई।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढत के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में बढत के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को तेजी के साथ बंद हुए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वित्त वर्ष के अंत में मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते बैंक और आईटी क्षेत्रों में तेजी देखी गई। इससे बाजार में बढ़त हुई। भारतीय शेयरों के मूल्यांकन में कमी के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की दिलचस्पी बढी है।"

भारतीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को रामनवमी के मौके पर बंद थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत गिरकर 79.18 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 1,245.39 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 578.8 अरब डॉलर पर

■ मुंबई (वार्ता)।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में वृद्धि से 24 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.98 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 578.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 12.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 572.8 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 24 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 509.73 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.4 अरब डॉलर की भारी वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर 45.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 20.1 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 18.42 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.15 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

सूक्ष्म, लघु उद्योगों के लिए संशोधित ऋण गारंटी योजना आज से

■ एक करोड़ रुपये तक के कर्ज के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क घटाकर 0.37 प्रतिशत किया गया

नई दिल्ली (भाषा)। देश के सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए एक संशोधित ऋण गारंटी योजना शनिवार से लागू होगी। इसमें एक करोड़ रुपये तक के कर्ज के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क अधिकतम दो प्रतिशत से घटकर 0.37 प्रतिशत किया जा रहा है। इससे छोटे कारोबारियों के लिए ऋण की कुल लागत में कमी होगी। नयी योजना में गारंटी की अधिकतम सीमा भी दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के लिए ऋण गारंटी कोष ट्रस्ट ने इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। एमएसएमई मंत्रालय ने कहा, "गारंटी की सीमा को दो करोड़ रुपये से बढाकर पांच करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही 10 लाख रुपये तक के ऋण बकाया के लिए गारंटी के संबंध में दावों के निपटान के लिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने की जरूरत नहीं होगी।' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2023-24 में घोषणा की थी कि एक अप्रैल, 2023 से सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। इस घोषणा के तहत सीजीटीएमएसई में 30 मार्च, 2023 को 8,000 करोड़ रुपये की राशि डाली गई है।

भाजपा बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है : मिठाई लाल भारती

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।आज शनिवार को को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में बंशीबाजार स्थित रायल पैलेस में संविधान बचाओं-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने भाजपा सरकार को दलितों - पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है। यह सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है।सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया, नेता जी मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चलकर दलितों-पिछड़ों के हक की लड़ाई लगातार लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी लगातार केन्द्र और प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संघर्ष छेड़ रक्खीं है। ताकि समाज के सभी लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनका हक दिलाया जा सके । लेकिन दलित -पिछड़ा और अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा सरकार जातीय जनगणना नहीं कराने का हठ पाल रखीं हैं। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना ही देश और प्रदेश में समाजवाद और रामराज्य स्थापित करने में सहायक साबित होगी । भाजपा सरकार द्वारा जातीय जनगणना न कराना उसके लिए आने वाले दिनों में बहुत मंहगा सौदा साबित होगा । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दलितों,-पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण लगभग खत्म कर दिया है। उन्होंने सभी दलितों -पिछड़ों और अल्पसंख्यक समाज के लोगों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में लामबंद होने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान चाहे जितना अच्छा हो अगर लागू करने वालें की नियत और नीति सही नहीं रहेगी तो संविधान का लाभ देश को नहीं मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि आजादी को पचहत्तर साल हो गए लेकिन आज तक संविधान पूरी तरह से देश में लागू नहीं हुआ और न ही दलितों - पिछड़ों को पूरा अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यदि सांप नाथ है तो भाजपा नागनाथ है। दोनों की नीति और नीयत एक है। दोनों ने हमेशा दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को छलने का काम किया है। हमें इन दोनों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने भाजपा को संविधान विरोधी बताते हुए कहा कि देश का सबसे पवित्र ग्रन्थ भारतीय संविधान हैं। लेकिन भाजपा के लोगों ने इस संविधान की प्रतियां जलाने का काम किया जिसके लिए देश भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा। इस प्रशिक्षण शिविर के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता तीनों एक दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान भाजपा सरकार इन तीनों पर लगातार हमला कर रही है। हमें लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को अपने संघर्ष डॉ भीमराव अम्बेडकर, डॉ लोहिया और नेता मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर इनका मजबूती से जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई है। उन्होंने वर्तमान दौर को बदलने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया।

विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने इस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। इस देश का लोकतंत्र, संविधान और देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप खतरे में है। यह सरकार पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर चलकर देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विरोधी दलों के नेताओं के चरित्र हनन और उन्हें परेशान करने के लिए कर रही है। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि आज देश में लगातार मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ता जा रहा है लेकिन भाजपा सरकार इस पर अंकुश न लगाकर केवल अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त हैं । उन्होंने रामनवमी के अवसर पर देश में हुए दंगो की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव और 2024में होने वाले लोकसभा के चुनाव में हार सन्निकट देखकर भाजपा फिर देश में मजहबी दंगे कराकर अपने साम्प्रदायिक और राजनीतिक मंसूबों को पूरा करना चाहती है। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का अतिपिछड़ा प्रेम मात्र दिखावा है। इसने हमेशा दलितों और पिछड़ों को छलने का काम किया है। जब चुनाव नजदीक आता है तो भाजपा का पिछड़ा प्रेम जगता है । हमें इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सुजीत सोनकर, पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा,पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, ओपी भारती, डॉ नन्हकू यादव, मदन सिंह यादव,पुर्व प्रमुख आलोक राम, पूजा गौतम, अशोक कुमार बिंद, डॉ सीमा यादव, आशा यादव,सदानंद कन्नौजिया,सिंकदर कन्नौजिया, निजामुद्दीन खां, अरुण कुमार श्रीवास्तव, तहसीन अहमद,पुर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभुनाथ राम,कंचन रावत,मोहन रावत, डॉ सुभाष चन्द्र राम,पुर्व प्रमुख गरीब राम, सैदपुर नगर पंचायत के पुर्व चेयरमैन शशि सोनकर, दिनेश कुमार, सत्यप्रकाश, आमिर अली, दिनेश यादव, डॉ समीर सिंह, राकेश यादव, सुदामा राम, तहसीन अहमद, विवेक सिंह शम्मी,कमलेश यादव, राजेंद्र यादव,जय हिन्द यादव, अनिल यादव,भानु यादव , नितिश खरवार,कमला यादव,कमल नयन, अनिल कुमार गौतम, विभा पाल, नफीसा बेगम, रीना यादव, तरूण कुमार, सत्येंद्र राम,मोनू कुमार,पुजेंश,विजय बहादुर, रीता विश्वकर्मा, जवाहिर यादव, शिवशंकर यादव, पप्पू यादव, मार्कण्डेय यादव सुशील जायसवाल,महेन्द्र बिंद आदि उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमित ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में इस कार्यक्रम के संयोजक कमलेश यादव और बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

45 वर्ष बाद चौरा माता मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

प्रखर वाराणसी। भदोही क्षेत्र के नेवादा कला गांव में स्थित चौरा माता मंदिर का 45 वर्ष बाद जीर्णोद्धार गांव के समाजसेवी पूर्व क्षेत्र पंचायत मुकेश पाठक व मुकुल पाठक के द्वारा किया गया।समाजसेवी मुकुल पाठक ने बताया कि 45 वर्षो से चौरा माता की मंदिर ऐसे ही थी जिसके बाद हम लोगों के द्वारा मंदिर के अंदर व बाहर टाइल्स व चारो तरफ ग्रिल लगवाया गया जिसमें कुल 1 लाख 35 हजार रुपया लगा।मंदिर में सहयोग देने वालो में नेवादा कला गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील शर्मा व मानिकपुर के समाजसेवी विजय कुमार दुबे का भी सहयोग रहा।

माहे रमजान के मुक्कमल कुरान की तरावीह खत्म, सुरेतरावीह की शुरूआत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कपूरपुर शहरी कोतवाली गेट के सामने बाबा कटरा मस्जिद चांद की 8वें रमजान को तरावीह खत्म की गई। पेस इमाम नोमान कादरी ने बताया की रमजान का चांद दिखते ही तरावीह की नमाज शुरू कर दी जाती है, लगातार चांद देख कर तरावीह की नमाज शुरू की जाती है। ईशा की नमाज के बाद हर रोज यह तरावीह पढ़ी जाती है। माहे रमजान को पाक महीना माना जाता है। इस्लामिक तारीख के सभी महीनों में रमजान को सबसे खास माना गया है। इस पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं। पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और फितरा व जकात अदा की जाती है। इस पूरे महीने मुसलमान अपनी हर चाहतों पर काबू कर सिर्फ इबादत करते हैं। इस पूरे महीने 5 वक्त की नमाज तो पढ़ी ही जाती है, साथ ही तरावीह की नमाज को सबसे ज्यादा तरजीह दी गई है।

निजी विद्यालयों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने शनिवार को सरजू पांडे पार्क में 16 जनवरी 2023 के माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश जिसमें निजी विद्यालयों को कोविड कॉल के दौरान अभिभावकों से वसूली गई 15 फीसदी स्कूल फीस वापस ना करने के जनहित के आदेश का पालन न करने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन स्थल पर कार्यकताओं द्वारा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदया को ज्ञापन राजपत्रित अधिकारी के माध्यम से दिया गया । इस दौरान गाजीपुर जनपद के जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर और जिला अध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा अधिकार के मौलिक अधिकार व 25 फीसदी गरीब बच्चों को पढ़ाने का अधिकार आरटीई का हनन कर रही है। जिला उपाध्यक्ष जावेद अहमद जिला मीडिया प्रभारी नागेन्द्र शर्मा ने कहा कि सरकार हमें सभी अधिकार से वंचित कर हमें अधिकार विहीन बनाना चाहती है ताकि हम आवाज न उठा सकें। जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान व जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मोर्य ने कहा कि सरकार यदि न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर आंदोलन को बाध्य होगी उसकी पूरी जिम्मेदरी शासन और प्रशासन की होगी। जिला सचिव भरत यादव व गोपाल जी वर्मा ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के साथ शोषण कर रही है और आगे कहा कि सरकार केवल विशेष वर्ग को ध्यान ना देकर जनता का ध्यान दे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर व संचालन जावेद अहमद ने किया । इस दौरान जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर जिला अध्यक्ष विवेक राय, जिला मीडिया प्रभारी नागेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मौर्य, पवन गुप्ता, दिनेश मौर्य जिला सचिव भरत यादव ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष साजिद , प्रदीप पाल, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सह सचिव नागेन्द्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान आदि उपस्थित थे।

आईपीएल का 16वां सत्र शुरू, अनफिट-11 ने बढ़ाई परेशानी

चोट से परेशान बुमराह

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लंबे समय से चोट से परेशान हैं। उनकी पीठ की चोट बार-बार उबर रही थी। इस वजह से वह पिछले साल एशिया कप से कोई टूर्नामेंट नहीं खेल पाए थे। इसी चोट की वजह से उन्हें पीठ की सर्जरी करानी पड़ी है। अब वह आईपीएल 2023 के बाद ही मैदान में वापसी करेंगे।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2023 की शुरुआत चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच जबरदस्त मुकाबले से हो गया है। एक तरफ हार्दिक पांड्या का युवा जोश दिखा तो दूसरी तरफ महेंद्र सिंह धोनी का अनुभव। हालांकि, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग का 16वां सीजन चोट से काफी ज्यादा प्रभावित रहने वाला है।

ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी चोट से परेशान हैं। पंत और बुमराह तो पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं। अगर श्रेयस अय्यर अपनी पीठ की सर्जरी कराते हैं तो उनका भी पूरे सीजन से बाहर होना तय है। यहां हम आईपीएल की अनफिट 11 के बारे में बता रहे हैं। हालांकि, इन 11 खिलाड़ियों के अलावा भी झाय रिचर्डसन जैसे कई खिलाड़ी चोटिल हैं, जो इस लीग में नहीं खेलेंगे, लेकिन हमनें सिर्फ बड़े खिलाड़ियों को अनफिट 11 में शामिल किया है।

पंत सड़क हादसे का शिकार

दिल्ली के कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत कार हादसे का शिकार होने के बाद पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह डेविड वॉर्नर को टीम का कप्तान बनाया गया है। पंत को पिछले साल दिसंबर के महीने में कार हादसे में गंभीर चोटें आई थीं। उनकी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी और इसमें आग लग गई थी। इस हादसे के बाद पंत ने कई सर्जरी कराई और अब वापसी कर रहे हैं।

अय्यर की पीठ में समस्या

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को पीठ में समस्या है। उन्हें यह समस्या लंबे समय से हैं। बीसीसीआई की तरफ से उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी गई है। हालांकि, अय्यर फिलहाल अपनी आईपीएल टीम के साथ हैं और चोट से उबर रहे हैं। अगर वह सर्जरी कराने का फैसला करते हैं तो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं।

जेमीसन ने कराई सर्जरी

चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन भी इस सीजन नहीं खेलेंगे। जेमीसन को बार-बार पीठ में तकलीफ हो रही थी और उन्हें सर्जरी कराने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सर्जरी के बाद वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। पहले उम्मीद जताई गई थी कि आराम करने के बाद उनकी चोट ठीक हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी है।

विल टूर्नामेंट से बाहर

आरसीबी के ऑलराउंडर विल जैक्स भी चोट के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। आरसीबी की टीम में उनकी जगह न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को शामिल किया गया है।

पाटीदार की एड़ी में चोट

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबा रजत पाटीदार का एड़ी की चोट के कारण आईपीएल के पहले चरण में खेलना संदिग्ध है। वह फिलहाल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रहकर चोट से उबर रहे हैं। आरसीबी के कैंप में शामिल होने के बाद उन्हें चोट लगी थी। फिलहाल उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। एक बार एमआरआई स्कैन के बाद ही साफ होगा कि वह आईपीएल के पहले चरण में खेलेंगे या नहीं।

जॉनी बेयरस्टो : पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को गोल्फ खेलने के दौरान चोट लगी थी। उनका पैर फिसल गया था और उनके पैर में तीन फ्रैक्चर आए थे। इसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। वह इसी वजह से टी20 विश्व कप भी नहीं खेल पाए थे। अब वह आईपीएल 2023 से भी बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट को टीम में शामिल किया है।

जोश हेजलवुड : आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी एड़ी की चोट से जूझ रहे हैं। वह भारत के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे। हेजलवुड की चोट भी बार-बार उभर रही है। इसी वजह से वह ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं खेल पा रहे हैं।

2023 की अनफिट 11 टीम

जॉनी बेयरस्टो, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, विल जैक्स, काइल जेमीसन, प्रसिद्ध कृष्णा, जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड, मोहसिन खान, लोकी फर्ग्यूसन।

खबर संक्षेप

राणा टीम पर कोच के प्रभाव से उत्साहित

मोहाली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्यवाहक कप्तान नीतीश राणा ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय घरेलू क्रिकेट की शानदार जानकारी के कारण टीम पर चंद्रकांत पंडित के प्रभाव को देखकर उत्साहित हैं। पंडित पिछले कुछ वर्षों में भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे प्रसिद्ध कोच रहे हैं। उन्हें इस सत्र से पहले ब्रैंडन मैकुलम की जगह केकेआर का मुख्य कोच बनाया गया है। मुंबई और विदर्भ को कई बार रणजी ट्रॉफी का विजेता बनाने वाले कोच पंडित की देखरेख में मध्य प्रदेश ने पिछले साल इस खिताब को जीता था।

शुरुआती सात मैच में नहीं खेलेंगे चोटिल हेजलवुड

मेलबर्न। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एड़ी की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड 14 अप्रैल को भारत आएंगे लेकिन वह महीने के तीसरे सप्ताह तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल कर पाएंगे। ऐसे में टीम को शुरुआती सात मैचों में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी ग्लेन मैक्सवेल का दो अप्रैल को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है।

बुमराह की जगह वारियर मुंबई की टीम में शामिल



मुंबई। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर को टीम में शामिल किया। बुमराह पीठ की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा, 'जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज संदीप वारियर मुंबई इंडियंस टीम में शामिल होंगे। 2021 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले संदीप घरेलू सर्किट में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने 200 से अधिक मैच खेले हैं जिनमें से 69 मैच टी20 प्रारूप के हैं। उन्होंने अपने करियर में अब तक सभी प्रारूपों में 362 विकेट लिए हैं।' टीम ने कहा, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ टीम के आईपीएल 2023 के पहले मैच से पूर्व संदीप मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे।' वारियर ने 66 प्रथम श्रेणी, 69 लिस्ट ए और 98 टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने क्रमशः 217, 83 और 62 विकेट लेकर चटकाए हैं।

आईपीएल

गुजरात का जीत से आगाज चेन्नई को 5 विकेट से हराया

'इंपेक्ट प्लेयर' नियम के तहत रायुडू की जगह आए देशपांडे

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के अर्धशतक से गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराया। सुपरकिंग्स के 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम ने गिल (63 रन) के अर्धशतक से चार गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की जो इस टीम के खिलाफ तीन मैचों में उसकी तीसरी जीत है।

सुपरकिंग्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ (92) के अर्धशतक से सात विकेट पर 178 रन बनाए। उनके अलावा सिर्फ मोईन अली ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। गुजरात की ओर से लेग स्पिनर राशिद खान ने 26, मोहम्मद शमी ने 29 जबकि अल्जारी जोसेफ ने 33 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

देशपांडे और सुदर्शन फेल

सुपरकिंग्स ने आईपीएल के नए नियम 'इंपेक्ट प्लेयर' का सबसे पहले इस्तेमाल करते हुए गुजरात की पारी की शुरुआत में अंबाती रायुडू की जगह तुषार देशपांडे को टीम में जगह दी। गुजरात ने भी 'इंपेक्ट प्लेयर' का इस्तेमाल करते हुए क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हुए केन विलियमसन की जगह साई सुदर्शन को मैदान में उतारा। सुदर्शन (22) हालांकि हेंगरगेकर की ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में धोनी को कैच दे बैठे।

शमी का उद्घाटन मैच में विकेटों का शतक पूरा

अहमदाबाद। आईपीएल 2023 के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में गुजरात टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आई सीएसके टीम को पारी के तीसरे ओवर में ही बड़ा झटका लगा। बता दें कि गुजरात टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सीएसके के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वेका विकेट लेकर एक खास उपलब्धि हासिल की। शमी ने ये विकेट लेकर अपने आईपीएल कॅरियर के 100 विकेट पूरे कर लिए।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपरकिंग्स	रन	गेंद	4	6
डेवोन कॉनवे बो शमी	01	06	0	0
गायकवाड़ का गिल बो जोसेफ	92	50	4	9
अली का साहा बो राशिद	23	17	4	1
स्टोक्स का साहा बो राशिद	07	06	1	0
अंबाती रायुडू बो रिटल	12	12	0	1
शिवम दुबे का राशिद बो शमी	19	18	0	1
जडेजा का शंकर बो जोसेफ	01	02	0	0
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	14	07	1	1
मिशेल सेंटनर नाबाद	01	03	0	0

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 178/7

गेंदबाजी : शमी 4-0-29-2, पंड्या 3-0-28-0, रिटल 4-0-41-1, राशिद 4-0-26-2, जोसेफ 4-0-33-2, दयाल 1-0-14-0.

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4	6
साहा का दुबे बो हेंगरगेकर	25	16	2	2
गिल का गायकवाड़ बो देशपांडे	63	36	6	3
सुदर्शन का धोनी बो हेंगरगेकर	22	17	3	0
हार्दिक पंड्या बो जडेजा	08	11	0	0
शंकर का कॉनवे बो हेंगरगेकर	27	21	2	1
राहुल तेवतिया नाबाद	15	14	1	1
राशिद खान नाबाद	10	03	1	1

अतिरिक्त : 12, कुल : 19.2 ओवर में 182/5

गेंदबाजी : चाहर 4-0-29-0, देशपांडे 3.2-0-51-1, हेंगरगेकर 4-0-36-3, सेंटनर 4-0-32-0, जडेजा 4-0-28-1.

आयरलैंड ने सात विकेट से मैच और बांग्लादेश ने जीती सीरीज

एजेंसी ▶▶| चटगांव

कप्तान पॉल स्टर्लिंग के 41 गेंद में 77 रन की बदौलत आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपना सूपड़ा साफ होने से बचा लिया। पहले दो टी20 जीतने वाले बांग्लादेश ने तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 124 रन पर सिमट गई। टीम ने 61 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शमीम हुसैन की 42 गेंद में 51 रन की पारी की बदौलत सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। आयरलैंड की ओर से मार्क एडेयर ने 25 रन देकर तीन जबकि मैथ्यूज हम्फ्रेज ने 10 रन देकर दो विकेट चटकाए।

आयरलैंड ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज स्टर्लिंग की 41 गेंद में 10 चौकों और चार छक्कों से 77 रन की पारी की मदद से सिर्फ 14 ओवर में तीन विकेट पर 127 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। तास्किन अहमद ने रोस एडेयर (07) को जल्दी आउट किया जबकि शरीफुल इस्लाम ने लोरकान टकर (04) को पवेलियन भेजकर बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से जीती वनडे सीरीज

वेलिंगटन। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग की 86 रन की नाबाद पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में श्रीलंका को 103 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यंग ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद पारी के दौरान हेनरी निकोल्स (नाबाद 44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को श्रृंखला में 2-0 की जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच को 198 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। शुक्रवार को श्रीलंका की पारी को 41.3 ओवर में 157 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड ने 32.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने भी दूसरे ओवर में छह रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। लहिरू कुमारा ने वैड बॉवेस और टॉम ब्लंडेल के विकेट चटकाकर श्रीलंका अच्छी शुरुआत दिलाई।

हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने शनिवार से साई बेंगलुरु केंद्र में शुरू हो रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय पुरुष कोर समूह की घोषणा की।

आम तौर पर राष्ट्रीय टीम का चयन कोर समूह में शामिल खिलाड़ियों में से होता है। यह शिविर यूरोप दौरे से पहले 21 मई तक चलेगा। टीम इसके बाद एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 सत्र के शेष मैचों में बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए यूरोप रवाना होगी। कोर समूह में कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच और दिप्सन तिर्की के अलावा मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मो. राहील मौसीन, मनिंदर सिंह, एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, मंजीत, पवन राजभर का नाम शामिल है।

माने, नरवाल ने बाकू विश्व कप टीम में बनाई जगह

नई दिल्ली। शाहू तुषार माने और शिव नरवाल को भोपाल विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के बाकू में आठ से 15 मई तक होने वाले राइफल/पिस्टल विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आगामी टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की जो वर्ष का पांचवां आईएसएसएफ विश्व कप चरण होगा। भोपाल में हाल ही में विश्व कप के तीसरे चरण का सफल आयोजन किया गया। चौथा चरण 11 अप्रैल से पेरू के लीमा में आयोजित किया जाएगा जहां भारत ने भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मियामी ओपन : जीते अल्कारेज फाइनल में पहुंची रायबकिना

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने मियामी ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को आसानी से शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

स्पेन के इस खिलाड़ी ने एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 10वीं रैंकिंग पर काबिज फ्रिट्ज को 6-4 6-2 से मात दी। यह इस साल 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत है। सेमीफाइनल में अलकाराज के सामने यानिक सिन्नर की चुनौती होगी। पुरुषों के एक अन्य क्वार्टर फाइनल डेनियल मेदवेदेव अमेरिका के क्वालीफायर क्रिस यूबैंक्स को 6-3, 7-5 से हराया। मेदवेदेव के सामने सेमीफाइनल में हमवतन कारेन खाचानोव की चुनौती होगी। खाचानोव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 6-3 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में एलिना रायबकिना ने सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को बारिश से प्रभावित मैच में 7-6(3) 6-4 से शिकस्त दी। फाइनल में उनके सामने 15वीं वरीयता प्राप्त पेत्रा क्वितोवा और गैरवरीय सोराना क्रिस्टी के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता की चुनौती होगी।

मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से

दिल्ली के खिलाफ राहुल पर बेहतर करने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंटस की अगुवाई कर रहे लोकेश राहुल आईपीएल में शनिवार को यहां जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान में उतरेंगे तो उनके सामने बल्ले से लय हासिल करने के साथ नेतृत्व कौशल को भी साबित करने की चुनौती होगी।

लखनऊ की टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। राहुल की अगुवाई में टीम पिछले साल लीग के अपने शुरुआती सत्र में प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन बीते कुछ समय से राहुल का बल्ला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। दिल्ली की टीम को ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में खिताब की संभावनाओं को करारा झटका लगा है लेकिन उनके पास कप्तान के तौर पर डेविड वार्नर जैसा आक्रामक सलामी बल्लेबाज है। सनराइजर्स हैदराबाद को अपने नेतृत्व में खिताब दिलाने वाले वार्नर दिल्ली के लिए भी ऐसी सफलता हासिल करना चाहेंगे। कोच रिकी पोंटिंग की टीम को हालांकि वार्नर से ज्यादा मिशेल मार्श से उम्मीद होगी। मार्श ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 12 छक्के जड़े थे। वार्नर और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव अगर टीम को तेज शुरुआत देने में विफल रहते है तो मार्श दो-तीन ओवरों में इसकी भरपाई कर सकते है। दिल्ली के तेज गेंदबाजी विभाग में भारत के अच्छे खिलाड़ियों की कमी है। खलील अहमद पीठ के ऑपरेशन के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि इशांत शर्मा अब पहले जैसे धारदार गेंदबाज नहीं रहे। अक्षर और कुलदीप यादव की आठ ओवर की स्पिन गेंदबाजी टीम के लिए काफी अहम होगी।

केकेआर के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती

मोहाली। चोट और कुछ विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से परेशान पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें जब शनिवार को अपने शुरुआती मुकाबले के लिए दान पर उतरेंगी तो उनका लक्ष्य सत्र को जीत के साथ शुरू करने का होगा। आईपीएल में इन दोनों टीमों के पास हमेशा दमदार खिलाड़ी रहे है लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा है। पंजाब किंग्स को अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार है जबकि केकेआर की टीम गौतम गंभीर की अगुवाई में दो बार चौम्पियन रही है। पिछले सत्र में 10 टीम के मुकाबले में पंजाब छठे और केकेआर सातवें पायदान पर था।

सिंधू सेमीफाइनल में, श्रीकांत मैड्रिड स्पेन मास्टर्स से बाहर

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि हमवतन किदांबी श्रीकांत हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सिंधू ने दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट को 21-14, 21-17 से हराकर 2023 में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

श्रीकांत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोटो से 18-21, 15-21 से हार गए। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी करते हुए लय हासिल करने के लिए जूझ रही थी। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गई है और इससे पहले अब तक 2023 में पिछले कुछ टूर्नामेंटों में दूसरे दौर की बाधा को भी पार नहीं कर पा रही थी। इस सुपर 300 टूर्नामेंट में बची एकमात्र भारतीय खिलाड़ी सिंधू फाइनल में जगह बनाने के लिए सिंगापुर की गैर वरीयता प्राप्त यिओ जिया मिन से भिड़ेंगी।

पीएम ने की पोप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पोप फ्रांसिस के अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने पोप के ट्वीट के जवाब में रिट्वीट किया कि पोप फ्रांसिस के अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पोप फ्रांसिस ने शुक्रवार को अपने ट्वीट में कहा कि मैं पिछले कुछ घंटों में प्राप्त कई संदेशों से अभिभूत हूं और मैं संवदेना एवं प्रार्थना के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूं। पोप फ्रांसिस को बुधवार को श्वसन संक्रमण का पता चलने के बाद कुछ दिनों के लिए रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वेटिकन ने 29 मार्च को जारी बयान में इसकी पुष्टि की थी। बयान के मुताबिक पोप को सांस लेने में दिक्कत होने के कारण अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण किया गया था। पोप को संक्रामक ब्रोंकाइटिस को ठीक करने के लिए दी जाने वाली एंटीबायोटिक दवाओं का अनुकूल असर पड़ा है उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।

नॉर्थ कोरिया से खाने के बदले हथियार लेगा रूस

मास्को,(एजेंसी)। यूक्रेन जंग में हथियारों की कमी को पूरा करने के लिए अमेरिका अब नॉर्थ कोरिया की मदद लेने वाला है। अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने ये दावा किया है। किर्बी के मुताबिक रूस नॉर्थ कोरिया को हथियारों के बदले अनाज देने वाला है। जॉन किर्बी ने कहा है कि दोनों देशों के बीच ये डील करवाने के लिए रूस एक डेलिगेशन को नॉर्थ कोरिया भेजेगा। जॉन किर्बी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि रूस और नॉर्थ कोरिया के बीच होने वाली डील संयुक्त राष्ट्र संघ की सिक्योरिटी काउंसिल के नियमों के खिलाफ है। इससे पहले अमेरिका ने स्लोवाकिया के आदमी पर आरोप लगाए थे कि वो यूक्रेन में जंग लड़ने के लिए रूस को नॉर्थ कोरिया से हथियार दिलवा रहा है। गुरुवार को अमेरिका ने एशोत माक्रचेव पर पाबंदियां भी लगा दी थी। अमेरिका ने आरोप लगाया था कि एशोत ने 2022 के अंत और 2023 के शुरूआती महीने में रूस और नॉर्थ कोरिया के बीच हथियारों को लेकर एक डील कराई थी।

जापान का रूस को विमान, ड्रोन के निर्यात पर बैन

टोक्यो, (एजेंसी)। जापान रूस को वह निर्माण उपकरण निर्यात नहीं करेगा, जिसमें हाइड्रोलिक उत्खनन और बुलडोजर, विमान और जहाज इंजन, नेविगेशन के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, उड़ान रेडियो, विमान और अंतरिक्ष यान और उनके लिए पुर्जे, ड्रोन और ऑप्टिकल और फोटोग्राफिक उपकरण शामिल हो। जापानी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि सात अप्रैल से लागू होने वाले निर्यात प्रतिबंध स्टील और स्टील उत्पादों, एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम उत्पादों, स्टीम बॉयलरों और उनके लिए पुर्जों पर भी लागू होंगे , साथ ही फोर्जिंग उपकरण, जनरेटर, परिवहन वाहन और उनके लिए पुर्जे, ऑप्टिकल फाइबर और फाइबर ऑप्टिक केबल, मापने के उपकरण, सटीक उपकरण और दूरबीन पर यह प्रतिबंध लागू होगा।

कराची में फ्री आटा बांटे जाने के दौरान भगदड़ से 12 की मौत

कराची, (एजेंसी)। पाकिस्तान के कराची शहर में शुक्रवार को भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। घटना एक फैक्ट्री के परिसर में हुई। यहां गरीबों के लिए रमजान के दौरान खाने का सामान और दूसरी चीजें बांटी जा रहीं थीं। मारे गए लोगों में आठ महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मौके पर पुलिस भी मौजूद थी, लेकिन भगदड़ मचते ही भाग गई। पाक के पंजाब प्रांत में पिछले एक हफ्ते में सरकार द्वारा बांटे जा रहे मुफ्त आटे को लेने के लिए भी भगदड़ की कुछ घटनाएं हुईं। इनमें भी 12 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें भी तीन महिलाएं शामिल थीं। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक चश्मदीदों ने बताया है कि फ्री राशन लेने के लिए बड़ी तादाद में लोग जुट गए थे। बांटे जाना वाला सामान कम था और भीड़ बहुत ज्यादा हो चुकी थी। इसलिए लोग जल्दी से जल्दी सामान लेना चाहते थे। इसी जद्दोजहद के दौरान भगदड़ मच गई।

आज का इतिहास

- **1778:** न्यू ऑरलियन्स के व्यापारी ओलिवर पोलक ने 'डॉलर' का प्रतीक बनाया।
- **1789:** फ्रेडरिक मुहलेनबर्ग यूएसए के संविधान के सख्त आदेश के तहत अर्हता प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति बन गए, जो अमेरिकी सरकार के उद्देश्यों के लिए घर के एक प्रमुख को परिभाषित करता है।
- **1826:** शमूएल मोरी एक आंतरिक दहन इंजन का पेटेंट किया।
- **1833:** 18 मैक्सिकन राज्यों के 16 विधायिकाओं ने जनरल एंटोनियो लोपेज़ डी सांता अन्ना को मैक्सिको के राष्ट्रपति चुना।
- **1833:** मैक्सिकन टेक्सस ने सैन फेलिप डी ऑस्टिन से बुराई का मुकाबला करने के लिए मुलाकात की।
- **1854:** हार्ड टाइम्स ने चार्ल्स डिकेंस पत्रिका घरेलू शब्दों में क्रमिकरण शुरू किया।

सिलेंडर में धमाके से छह लोगों की मौत मकान जमींदोज

बुलंदशहर, (एजेंसी)। बुलंदशहर में एक मकान में ब्लास्ट हो गया। हादसे में एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ है। बताया जा रहा है कि मकान खेतों के बीच में बना था। इसमें केमिकल बनाया जा रहा था। धमाके की वजह सिलेंडर फटना बताया जा रहा है। भारी फोर्स के साथ मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद थीं। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के नया गांव में हुई है। ब्लास्ट मामले में मकान मालिक सतीश कुमार ने कहा, मैंने अपना मकान किराए पर दिया था। वहां सर्फ बनाने का काम चलता था। कास्टिक और तेजाब को मिलाकर बनाया जाता था सर्फ। मैंने नवंबर 2022 में मकान 2000 रुपए महीने पर किराए पर दिया था। पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए शव गृह लाया गया है। जबकि महिला के केवल सिर का हिस्सा मिला है। धड़ की तलाश जारी है।

बहुमंजिला टावर में लगी आग, 800 दुकानें खाक

कानपुर, (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश में कानपुर नगर पुलिस आयुक्तालय के बांसमंडी इलाके में एक बहुमंजिला वाणिज्यिक टावर में भीषण आग लग गई और यह आसपास के कई टावर तक फैल गई। आग की चपेट में आकर करीब 800 दुकानें खाक हो गईं।

पाक में तीन सप्ताह के भीतर दूसरे हिंदू डॉक्टर की हत्या

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। पाकिस्तान लगातार हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षित साबित हो रहा है। वहां तीन सप्ताह के भीतर दूसरे हिंदू डॉक्टर की हत्या कर दी गयी है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों ने लगातार हत्याओं एवं जबरन धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन किये हैं।

पाकिस्तान में हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब कराची के प्रमुख नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. बीरबल जेनानी की ल्यारी एक्सप्रेसवे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई है। डॉ. बीरबर जेनानी पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में कराची महानगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक थे। जब वह रामस्वामी से अपने सहायक डॉक्टर के साथ गुलशन-ए-इकबाल जा रहे थे तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार को निशाना बनाया। डॉ. जेनानी की मौके पर मौत हो गई जबकि उनके सहायक को गोली लगी। डॉ. जेनानी की हत्या एक 'टारगेट किलिंग' थी। हालांकि हत्या के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिछले बीस दिन के भीतर पाकिस्तान में दूसरे हिंदू डॉक्टर डॉ. जेनानी की हत्या की गयी है। इससे पहले नौ मार्च को हैदराबाद में रहने वाले डॉ. धर्मदेव राठी की हत्या कर दी गयी थी। लगातार हिंदुओं की हत्याओं और हिंदू बेटियों के जबरन धर्मांतरण के विरोध में हिंदुओं ने प्रदर्शन किया। कराची में विरोध मार्च निकाला गया। सिंध विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार पर भारी संख्या में जुटे लोगों ने नारेबाजी कर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

देश के कई शहरों में रामनवमी पर बवाल अभी थमा नहीं

सासाराम में पत्थरबाजी और आगजनी, धारा-144 लागू

पटना, (एजेंसी)। रामनवमी पर जुलूस के दौरान गुजरात, बंगाल के बाद बिहार के सासाराम में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान हुए विवाद में पत्थरबाजी, वाहनों में तोड़फोड़ और कई झोपड़ीनुमा दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। शहर में गोला बाजार की ओर जाने वाली सड़कें ईंट-पत्थरों से पटी हुई हैं। इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसे देखते हुए धारा-144 लागू कर दी गई है। सासाराम की गोला बाजार, कादिरगंज, मुबारकगंज, चौखंडी और नवरत्न बाजार पूरी तरह से बंद हैं।

नालंदा में दो पक्षों में विवाद, 9 घायल: शुक्रवार को रामनवमी जुलूस के दौरान सासाराम के बाद दो गुटों में भीषण झड़प नालंदा में भी हो गई। दोनों तरफ से पथराव हुआ। फायरिंग से जुलूस में शामिल एक युवक को गोली लगी है, नौ घायल हो गए।

छत्रपति संभाजीनगर में 10 पुलिसकर्मियों समेत 12 लोग घायल, 20 गिरफ्तार

संभाजीनगर, (एजेंसी) महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के किराडपुरा इलाके में बुधवार-गुरुवार रात दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पथराव किया। हमले में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल हो गए। अब तक 20 लोगों की गिरफ्तार किया है। हिंसा रात 11.30 बजे शुरू हुई और तड़के 3.30 बजे तक जारी रही। अब इस मामले में एसआईटी गठित की गई है।

गृहमंत्री शाह ने प. बंगाल के राज्यपाल से की बात

हावड़ा में रामनवमी के मौके पर भड़की हिंसा का केंद्र सरकार ने संज्ञान लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने इसे लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से फोन पर बात की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल भाजपा ने हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। राज्य भाजपा ने हाईकोर्ट से हिंसा की एनएआई से जांच कराने की मांग की है। कार्यवाहक न्यायमूर्ति ने जनहित याचिका दायर करने की अनुमति दी और उसे 03 अप्रैल को सूची के शीर्ष पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष से बात करने के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यपाल सीवी बोस से भी बात की है। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की जानकारी ली है। वहीं राज्यपाल ने सीएम से रिपोर्ट मांगी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बंगाल में चुनाव हो या उसके बाद हजारों लोगों के ऊपर पथराव, आगजनी, बम फेंकना ये आम बात बन गई है। ममता के राज में पत्रकारों व रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव हुआ है।

हावड़ा में फिर पत्थरबाजी अब तक 35 गिरफ्तार

कोलकाता, (एजेंसी)। प. बंगाल के हावड़ा जिले में शुक्रवार को एक बार फिर से पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। एक दिन पहले रामनवमी के अवसर पर काजीपाडा इलाके में बवाल हुआ था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन को मुस्तैद कर दिया गया था। शुक्रवार को हुई ताजा घटना का न्यूज एजेंसी ने वीडियो जारी किया है। इसमें झड़प के बाद वहां पुलिसकर्मी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तैनात दिखाई दे रहे हैं। प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को हुई हिंसा के लिए बीजेपी और दक्षिणपंथी संगठन को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि भगवा दल ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। हावड़ा शहर थाने के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि काजीपाडा के आसपास के विभिन्न इलाकों में रात भर तलाशी अभियान चलाए गए और छापेमारी की गई। झड़प के सिलसिले में अब तक 35 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वीडियो फुटेज के जरिए हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नेपाल में प्रचंड मंत्रीपरिषद का विस्तार, 11 नए मंत्री

काठमांडू, (एजेंसी)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को अपनी मंत्रीपरिषद का विस्तार करते हुए 11 नए मंत्री शामिल किए। इसी के साथ प्रचंड मंत्रीपरिषद में प्रधानमंत्री समेत 18 मंत्री हो गए हैं। मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत अधिकतम 25 मंत्री हो सकते हैं। राष्ट्रपति निवास में आयोजित समारोह में सभी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विगत तीन महीने में प्रधानमंत्री प्रचंड ने सातवीं बार अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार और फेरबदल किया है।

सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटक दलों में नेपाली कांग्रेस से चार, सीपीएन (यूएस) से दो, सीपीएन (एमसी) से एक, नेपाल समाजवादी पार्टी से एक, जनता समाजवादी पार्टी से एक, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी से एक और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी से एक सांसद को मंत्री बनाया गया। नेपाली कांग्रेस के पूर्ण बहादुर खड़का को उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा, डॉ. प्रकाशरण महत को वित्त, रमेश रिजाल को उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति और सीता गुरुंग को शहरी विकास मंत्री बनाया गया है। नेपाली कांग्रेस के कोटे से कुल आठ मंत्री बनाए जाने हैं। शुक्रवार कोचार मंत्री बनाए जाने के बाद बाकी चार की नियुक्ति बाद में होगी। सीपीएन (एमसी) से नारायणकाजी श्रेष्ठ को उपप्रधानमंत्री के साथ गृहमंत्री बनाया गया है। जनता समाजवादी पार्टी से अशोक राय शिक्षा मंत्री बने हैं। जनता समाजवादी पार्टी के कोटे से एक और मंत्री को बाद में नियुक्त किया जाएगा। माधव कुमार नेपाल के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएस) से वेदुराम भुसाल को कृषि और प्रकाश ज्वाला को भौतिक अधोसंरचना मंत्री बनाया गया है।

भारत की सीमा पर गश्त लगा रहे हैं चीनी पोत

अब जहाजों से जासूसी कर रहा ड्रैगन

भुवनेश्वर, (एजेंसी)। चीन की बुरी नजर लगातार भारत का पीछा नहीं छोड़ रही है। अब तक ड्रैगन गुब्बारों को भेज कर अमेरिका की जासूसी कर रहा था, इस बार चीन की इतनी हिम्मत बढ़ गई कि उसने भारतीय समुद्री सीमा के पास जासूसी जहाज भेज दिया है। ओडिशा में पारादीप के तट से लगभग 161 समुद्री मील दूर भारतीय तट के पास एक चीनी जासूसी जहाज 'है यांग शि यू' देखा गया है।

इस जहाज को अनुसंधान पोत के रूप में कैटिगराइज किया गया है। कथित तौर पर इसे बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों की गहराई और लवणता पर डेटा एकत्र करने का काम सौंपा गया है। इस आधुनिक जहाज को 2015 में टियांजिन में बनाया गया था और इसका वजन लगभग 2,000 टन है। चीनी नौसेना नियमित रूप से इस प्रकार के जहाजों को हिंद महासागर में भेजती रही है। मौजूदा वक्त में इस क्षेत्र में दो अन्य अनुसंधान पोत हैं।

अभी दो साल पहले कमीशन किया गया एक चीनी विध्वंसक 'नैनिंग' अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। 7,500 टन से अधिक वजनी, यह एक भारी हथियारों से लैस टॉप-ऑफ-द-लाइन युद्धपोत है। चीन का एक अन्य अनुसंधान पोत 'दा यांग हाओ' भी हिंद महासागर में तैनात है।

आज रिहा होंगे सिद्धू

रोड रेज केस में 10 माह से पटियाला जेल में हैं बंद

पटियाला , (एजेंसी)। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को जेल से रिहा होंगे। यह जानकारी सिद्धू के ट्विटर हैंडल से दी गई। सिद्धू को पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने 1988 के रोड रेज केस में एक साल की सजा सुनाई थी। वे पिछले 10 महीने से जेल में बंद हैं। दरअसल, सिद्धू ने अपने दोस्त के साथ मिलकर एक शख्स की पिटाई की थी। इसके बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हालांकि, रिपोर्ट में सामने आया था कि शख्स की मौत हार्ट अटैक से हुई। वहीं गौरतलब है कि उनकी पत्नी नवजौत कौर को कैंसर की बीमारी है।

बरी, दोषी, बरी फिर दोषी

- इस मामले में सिद्धू को निचली अदालत ने बरी कर दिया था। लेकिन हाईकोर्ट ने सिद्धू को 3 साल कैद की सजा सुनाई थी।
- इसके बाद सिद्धू की ओर से सुप्रीम कोर्ट में फैसले को चुनौती दी गई थी। 15 मई 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नवजोत सिद्धू को इस मामले में 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।
- लेकिन पीड़ित के परिजनों ने मई 2018 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 19 मई 2022 को सिद्धू को एक साल की सजा सुनाई थी।

अतीक अहमद साबरमती जेल में बना कैदी नंबर 17052

प्रयागराज, (ब्यूरो)। माफिया से राजनेता बना अतीक अहमद के लिए साबरमती जेल के अंदर का माहौल अब पहले जैसा नहीं रहेगा। अब उसकी पहचान कैदी नंबर 17052 से होगी।

चार दशकों के लंबे अपराधिक इतिहास में लगातार विचाराधीन बंदी कहला रहा पांच बार का विधायक और एक बार का सांसद अतीक अहमद जब साबरमती जेल से प्रयागराज में मंगलवार को उमेश पाल अपहरण मामले के फैसले की तारीख पर लाया गया था, तब तक वह एक मुलजिम था लेकिन लौटते समय उसके ऊपर मुजरिम का टैग लग गया। साबरमती जेल में उसकी पहचान कैदी नंबर डी/17052 से की जाएगी। उसे अब वह सब कुछ करना होगा जिसकी उसने कभी कल्पना नहीं की होगी। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश चन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को अतीक, दिनेश पासी और सौलत हनीफ को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजूपाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल के 25 जनवरी 2005 अपहरण के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाया। सश्रम कारावास की सजा पाए कैदियों को सजा काटने के दौरान काम भी करना पडेगा।

साबरमती सेन्ट्रल जेल के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेल में विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदियों के लिए मानदंड बिल्कुल अलग होता है। अतीक को अब सजायाफ्ता कैदियों के साथ रखा जाएगा।

पाक बेनकाब : तीन दिन में पकड़े गए छह जासूस

जयपुर, (एजेंसी)। राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर में पाकिस्तान की साजिश नाकाम हो गई है। राजस्थान सीआईडी ने तीन दिन में आईएसआई के 6 एजेंट पकड़े है। 29 मार्च को 4 एजेंट पकड़े थे। जबकि 31 मार्च के 2 एजेंट पकड़े गए है। ये खुफिया एवं सामरिक महत्व की सूचनाएं भेज रहे थे। पाक खुफिया एजेंसी को राजस्थान के बाड़मेर में सीमावर्ती क्षेत्रों की गोपनीय सूचनाएं भिजवाने के आरोप में सीआईडी इंटेलिजेंस जयपुर की टीम द्वारा आईएसआई के दो स्थानीय एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है।

सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं भेज रहे थे

पैसों के लालच में दोनों आरोपी प्रतिबंधित स्थानों के वीडियो और फोटोग्राफ्स, लोकेशन तथा अन्य गोपनीय सूचनाएं भेज रहे थे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस एस सेंगाथिर ने बताया कि लंगों की ढाणी धारवी कला निवासी रतन खान (52) और चिमाणियों की ढाणी शोभाला जेतमाल निवासी पारुराम (34) को गिरफ्तार किया गया है।

राज्य में जासूसी गतिविधियों की सतत निगरानी के दौरान इंटेलिजेंस टीम को इन दोनों के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से निरंतर संपर्क होने की सूचना मिली थी। इसके बाद इनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रख सूचना पुख्ता होने पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। ये दोनों आरोपति नियमित रूप से पाकिस्तान जाते थे।

आरोप अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय के हिंद-प्रशांत मामलों के समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने कहा

चीन ने भारतीय सीमा पर उठाए उकसावे वाले कदम

वाशिंगटन, (एजेंसी)। चीन के साथ रिश्तों की तनातनी के बीच अमेरिकी ने चीन पर भारतीय सीमा पर उकसावे वाले कदम उठाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय के हिंद-प्रशांत मामलों के समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने भारत के साथ निकटता के साथ काम करने की मंशा जाहिर करते हुए कहा कि दुनिया को वैश्विक मंच पर एक महान राष्ट्र के रूप में भारत की भूमिका को समझने की जरूरत है।

भारत की बड़ी भूमिका को अमेरिका प्रोत्साहित करना चाहता है: अमेरिकी थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' से कैंपबेल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की बड़ी भूमिका को अमेरिका प्रोत्साहित करना चाहता है और इसका समर्थन करना चाहता है। भारत के साथ पहले से ही मजबूत रिश्ते को और गहरा करने की इच्छा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंध अमेरिकी लोगों के वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के लोगों से संबंधों की तुलना में सबसे मजबूत हैं।

भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ तथा झड़पों की घटनाएं बढ़ी: थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ तथा झड़पों की घटनाएं बढ़ गई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत एवं चीन के बीच सीमा को लेकर शत्रुता की बढ़ती आशंका का अमेरिका पर और इन दो एशियाई दिग्गजों के बीच उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति पर असर पड़ता है। कैंपबेल ने कहा कि पांच हजार मील की विशाल सीमा पर चीन ने जो कुछ कदम उठाए हैं, वे भड़काने वाले तथा भारतीय भागीदारों व दोस्तों के लिए बेहद चिंताजनक है। कैंपबेल ने भारत-अमेरिका संबंधों को 21वीं सदी में अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध करार दिया।

एससीओ की बैठक के लिए भारत ने चीनी रक्षा मंत्री को किया आमंत्रित

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत और चीन के बीच पिछले करीब तीन वर्षों से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चले आ रहे गतिरोध के बीच चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू के भारत यात्रा पर आने की संभावना है। दरअसल भारत 27 अप्रैल से शंघाई सहयोग संगठन देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है और उसने इसके लिए सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों को आमंत्रित किया है। पाक और चीन के रक्षा मंत्रियों को भी बैठक में हिस्सा लेने का निमंत्रण दिया गया है। सूत्रों के अनुसार चीन के रक्षा मंत्री के बैठक में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लेने की संभावना है और इसके लिए वह भारत यात्रा पर आ सकते हैं। यदि चीनी रक्षा मंत्री भारत आते हैं तो पूर्वी लद्दाख में करीब तीन वर्ष से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के बाद चीन के रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा होगी। हालाकि अभी इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2020 में चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिश के बाद से दोनों देशों की सेनाओं के बीच गतिरोध चला आ रहा है। इसके हल के लिए अब तक दोनों पक्षों के सैन्य कमांडरों के बीच 17 दौर की वार्ता हो चुकी है

जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण एंव स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने जिला पंचायत सभागार मे मॉ सरवस्ती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओ एवं अध्यापको को शपथ दिलायी एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके उपरान्त कक्षा एक व कक्षा 7 के छात्र/छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक एवं नामांकन फार्म भरकर बच्चो को वितरण भी किया गया एवं बच्चों को प्रोत्साहित भी किए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान जो 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्री संचारी रोग नियंत्रण के बारे घर घर जाकर लोगो को जागरूक करते हुए साफ सफाई, जलभराव, कूलर में पानी, पीने का पानी, टूटे-फूटे बर्तन, टायर में पानी इकट्ठा नहीं होना चाहिए इसके बारे में बताएंगे। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत उन्होंने कहा कि 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अध्यापक घर घर जाकर उत्साहित करेंगे। शासन द्वारा बच्चों को पठन सामग्री भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाये ये सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सरकार की मंशा है कि हर घर के बच्चो को उच्च शिक्षा मिले जिससे कि आने वाले समय में ड्राक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर एवं अधिकारी बन सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरगोविंद सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। पिछले 3 से 4 सालों में इंसेफलाइटिस से होने वाली मौतों पर अंकुश लगा है। इसी के निरंतरता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह मनाया जा रहा है। इसी माह में 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का दरवाजा खटखटाएंगे, और वहां पर बीमार बच्चों या अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे तथा लोगों को संक्रामक एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके भी बतायेंगी। इसी तरह बेसिक शिक्षा विभाग में भी दवाइयां उपलब्ध करा दी गई हैं और यदि कोई बच्चा तीन-चार दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो यह पता लगाने का काम किया जाएगा कि कहीं बच्चा बीमार तो नहीं है। इसके अलावा पंचायती राज विभाग के द्वारा ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई की व्यवस्था। नगरीय इलाकों में नगर पालिका और नगर पंचायत के माध्यम से नालियों की सफाई और मच्छरों के मारने के लिए फागिंग कराया जाये। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाते हुए यदिं किसी भी हैंडपंप से अशुद्ध पानी आता हुआ मिलेगा तो उस पर लाल निशान लगाएंगे कि इसका पानी नहीं पीना है।

साथ ही डॉक्टर जय नाथ सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के देखरेख में मलेरिया के कार्यकर्ता क्षेत्रवार योजना बनाते हुए विगत वर्ष की भांति मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित किए गए हाईरिस्क क्षेत्रों में वेक्टर घनत्व का आकलन भी करेंगे। इसके अलावा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने रिपोर्ट के साथ प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध कराएंगी। मलेरिया कर्मियों द्वारा किए गए घर-घर भ्रमण के दौरान पाए गए क्षेत्रों की सूचना के आधार पर जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से मच्छर प्रजनन वाले घरों या इलाकों में मच्छर नियंत्रण गतिविधियां संपादित करने हेतु कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अन्त में बच्चो द्वारा रैली में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता के साथ ही मलेरिया विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका के कर्मचारी व अन्य लोग शामिल रहे, जो रैली के माध्यम से आमजन में जन जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। इसके पूर्व इस अभियान को लेकर सभी विभागों में समन्वय बैठाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 एवं 29 मार्च को डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक भी कराई जा चुकी है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ उमेश कुमार, एमके सिंह, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ विनय शंकर, यूनिसेफ से श्री बलवंत सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एडीपीआरओ, ईओ नगर पालिका, आईसीडीएस के साथ ही अंकिता त्रिपाठी मिथिलेश कुमार सिंह राघवेंद्र शेखर सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

जिले में संचारी रोगों के खिलाफ शुरू हुआ विशेष अभियान

प्रखर कुशीनगर। जिला मुख्यालय पर एक बड़े आयोजन के साथ जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के तहत जहां घर-घर जाकर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है वहीं इन रोगों को नियंत्रित करने के लिए जांच और तेज की जाएगी। स्कूली बच्चों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय पडरौना परिसर से संयुक्त रूप से संचारी रोग नियंत्रण माह और स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली . रैली को सीएमओ और बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेश पटारिया ने बताया कि जनपद में आज यानि एक अप्रैल विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी बीच 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि संक्रामक रोग प्रदूषित खाद्य पदार्थ, दूषित जल एवं मच्छरों के काटने से होता है. इसमें प्रमुख रूप से डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, चिकिनगुनिया, क्षय और कुष्ठ रोग आदि हैं। इन्हीं बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष संचारी रोग चल रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग एक नोडल के रूप में कार्य कर रहा है जबकि अन्य विभागों को सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सफाई के साथ लारवारोधी गतिविधियां और फागिंग भी कराई जा रही है। इस अभियान के तहत घर-घर सर्वेक्षण कर फ्लू, खांसी, बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाएगी। अभियान के दौरान आशा संगिनी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमुख भूमिका में घर-घर जाकर अभियान सफल बनाएंगी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में मलेरिया निगरानी में सुधार और वार्षिक रक्त परीक्षण दर> 10 तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

कालाजार व फाइलेरिया पर रहेगा जोर- मलेरिया निरीक्षक विजय गिरी ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक फाइलेरिया और वर्ष 2023 के अंत तक कालाजार खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में कालाजार से प्रभावित गांवों में शत-प्रतिशत आवासों को पक्का और बालू मक्खी प्रतिरोधी बनाया जाएगा।

सुंदर काण्ड पाठ के संगीतमय वाचन से हुआ नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

प्रखर जखनियां गाजीपुर। जनपद के नामचीन इ०कालेजों में सुमार पं०मदन मोहन मालवीय इ०का०सिखड़ी में शनिवार के दिन हिन्दू नव वर्ष एवं नये शैक्षिक सत्र 2023-024 के उपलक्ष्य में वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजनोपरांत गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस के सुंदर काण्ड पाठ तथा श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय वाचन किया गया।कालेज के प्रधानाचार्य नीरज राय ने कहा कि बल बुद्धि और ज्ञान के अधिष्ठाता हनुमान जी के श्री चरणों में ध्यान कर नवीन शैक्षिक सत्र का प्रारंभ विगत कई वर्षों से अनवरत होता आ रहा है।पहली अप्रैल को आयोजित यह सुंदर काण्ड का पाठ और हनुमान चालीसा का संगीतमय वाचन उसी का स्वरूप है। पूर्व प्रधानाचार्य पारस नाथ राय ने बताया कि सकल कष्ट निवारणार्थ हनुमान जी की प्रार्थना आवश्यक है।इस वर्ष सत्र के पहले ही दिन शनिवार का दिन होने से श्री हनुमान जी की स्तुति एवं आरती और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अतुलित बल के निधान, ज्ञानियों ने अग्रगणी श्री हनुमान जी की अपने ईष्ट देव के प्रति भक्ति व प्रभु श्रीराम के प्रति अनन्य श्रद्धा ही उनके रामदूत होने का पुष्ट प्रमाण है। आर०एस०एस०के पदाधिकारी आनंद कुमार मिश्र ने बताया कि वैसे तो सप्ताह का प्रत्येक दिन किसी न किसी देवता से जुड़ा हुआ है। परंतु शनिवार का दिन भगवान शनि देव का होते हुए भी श्री हनुमानजी को समर्पित है। इसलिए शनिवार के दिन हनुमान जी की स्तुति एवं विशेष आरती से समस्त बाधाओं का शमन होता है। भगवान शनि द्वारा हनुमान जी को दिए गए बचन के अनुसार हनुमान चालीसा पाठ करने से पाठ वाचन कर्ता पर शनि की कुदृष्टि नहीं होती है। स्तुति हर प्रकार से फल दाई है। संगीतमय सुंदरकांड पाठ का सुंदर वाचन क्लासिकल भजन गायक पियूष कुमार पांडेय एवं साथियों ने किया। संगीत बद्ध विविध गीतों की धुनों पर आधारित गायकी ने खूब? समां बांधी।अंत में हवन पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर कालेज सहित मालवीय शिशु विहार, विद्या पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक और शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरौली में नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिन में बच्चों को किताबे वितरित की गयी

प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने कहा की मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी प्राथमिक और जूनियर सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को इस साल नए सत्र में मुफ्त में किताबे दी जा रही है , और इससे सरकार की प्राथमिकता झलक रही है की यह सरकर आमजनमानस हेतु दृढ संकल्पित है। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री दिलीप यादव जी रहे और विशिष्ट अतिथि आईजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा रहे , कार्यकम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन त्रिपाठी ने किया और मंच सञ्चालन प्रीती पाल ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा की आज हमारी सरकार बच्चो,बुजुर्गो , गरीबो और उद्यमियों के साथ समाज के सभी वर्गों के विकास हेतु दृढ संकल्पित है और राज्य की बेहतरी हेतु निरन्तर कार्य कर रही है ,इसके साथ ही आईजीएल द्वारा क्षेत्र में कराये जा सामाजिक कार्यो हेतु बिजनेस हेड एस के शुक्ल को धन्यवाद दिया और कहा की ऐसे उद्यमी समाज का निर्माण करते है , वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने ब्लॉक प्रमुख का स्वागत किया और बताया की इनके नेतृत्व में पिपरौली ब्लॉक विकास की नयी ईमारत लिख रहा है , इसके साथ ही उन्होंने युवा ग्राम प्रधान खरैला चन्दन सिंह की भी तारीफ किया।

प्रधानाध्यपिका सुमन मणि त्रिपाठी ने ब्लॉक प्रमुख से विद्यालय के कार्यो हेतु सहयोग की अपेक्षा जाहिर किया जिसे ब्लॉक प्रमुख ने तत्काल सहमति देते हुए कहा की इन कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों के नाम, राम मनोहर पांडेय ,अशोक यादव ,इन्द्रसेन ,सरोज मल्ल , ऋतू मल्ल ,सुरभि गुप्ता ,प्रीती पाल कहकशा अंजुम ,सुनीता वर्मा ,अनुचर शिवा नंद यादव इत्यादि एक साथ सम्मनित अतिथि एवं भरी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

जनपद का पहला मांटेरो शोरूम का हुआ भव्य उदघाटन

प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। रेडीमेड कपड़ो के प्रतिस्पर्धा के दौर में तेजी से जमीन तैयार कर रही ब्रांडेड मांटेरो शोरूम का भव्य उदघाटन नगर पालिका की निवर्तमान चैयरमैन गीता जायसवाल ने फीता काटकर किया है। उदघाटन के पश्चात शोरूम पर खरीद दरों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उक्त मौके पर आगरा से आये कम्पनी के डायरेक्टर सुकेश चतुर्वेदी एवं भगत सिंह ने संयुक्त रूप से बताया की कम्पनी हर तरह गुणवत्तापूर्ण कपडे तैयार करती है जो हाइफ्रोफाइल से लेकर मिडिल क्लास तक के लोगों को आसानी से मुहैया और बजट में आजाती है। डायरेक्टर ने बताया की उत्तर प्रदेश के शाहगंज में 32वा शोरूम का उदघाटन हुआ है इसके बाद बलियां, प्रतपगढ़ सहित अन्य जनपदों में कम्पनी का शोरूम खुलने जा रहा है। उक्त मौके पर चैयरमैन प्रतिनिधि और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप जायसवाल, समीर, विशाल सिंह, पुष्पेंद्र, निशांत, प्रिंसी, कासिम जोगेंदर,बद्री सहित तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

वाराणसी के डॉ अरविंद सिंह एन यूं जे (इंडिया) के पुनः बने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

प्रखर नई दिल्ली। इंटरनेशल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के चुनाव में वाराणसी के वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविंद सिंह को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया है डॉ अरविंद सिंह इसके पूर्व भी इस पद पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में खासा अनुभव रखने वाले डॉ अरविंद सिंह ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष के साथ-साथ उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन(उपजा) के वाराणसी के जिलाध्यक्ष भी रह चुके है। और पत्रकार हितों के लिए लगातार संघर्ष करते हैं। इसी क्रम में दैनिक पब्लिक एशिया के समूह संपादक रास बिहारी को अध्यक्ष और दैनिक राज एक्सप्रेस भोपाल के संपादक प्रदीप तिवारी को निर्विरोध महासचिव चुना गया है। कोषाध्यक्ष पद पर डीडी न्यूज के संवाददाता डा. अरविन्द सिंह को निर्विरोध चुना गया है। उनकी इस उपलब्धि पर वाराणसी के गणमान्य लोगों , राजनेताओं, पत्रकारों सहित समाज के अन्य वर्गों ने बधाई दी है। एनयूजेआई

के मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक किंकर ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर आंध्र प्रदेश के पुन्नम राजू, असम के भूपेन गोस्वामी, पश्चिम बंगाल के दीपक राय, हिमाचल प्रदेश के राणेश राणा, राजस्थान के विमलेश शर्मा और उत्तर प्रदेश के कमलकांत उपमन्यु तथा सचिव पद पर उत्तराखंड के कैलाश चन्द्र जोशी, दिल्ली के अमलेश राजू और तेलंगाना के वी राजेंद्र नाथ निर्वाचित हुए हैं। कार्यकारिणी सदस्य के लिए दिल्ली के मनोहर सिंह, मनोज मिश्र, आनंद राणा, मनोज वर्मा, सुश्री उषा पाहवा, सुश्री प्रतिभा शुक्ला, सचिन बुधौलिया, उत्तर प्रदेश के रतन दीक्षित, प्रमोद गोस्वामी, अजय कुमार, वीरेंद्र सक्सेना, संतोष भगवन, विवेक जैन, ओडिसा से अभय पति, सुरेश दास, अक्षय साहू, प्रमोद सामंतरे, पश्चिम बंगाल से सोमेश्वर बोराल, आंध्र प्रदेश से एम युगांधर रेड्डी, डी वेंकारेड्डी, पी सुभाष बाबू, तेलंगाना डी राजलिंगम, सुश्री इंद्रानी सरकार, पी राममोहन, तमिलनाडु, टी शेखमयुद्दीन, राजस्थान से राकेश शर्मा, संजय सैनी, मध्य प्रदेश खिलावन चंद्राकर, हरियाणा से विपुल कौशिक तथा असम से परमानंद डेका व मयूख गोस्वामी चुने गए हैं।

समाजवादी पार्टी के तत्वाधान संविधान बचाओ व कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजित किया गया

प्रखर गाजीपुर। रॉयल पैलेस गाजीपुर में समाजवादी पार्टी के तत्वाधान संविधान बचाओ कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मिठाई लाल भारती और विशिष्ठ अतिथि पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा रहे । कार्यक्रम में जांगीपुर विधायक डॉ0 वीरेन्द्र यादव , सदर विधायक जयकिशन साहू , बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी नि0 राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर , पूर्व विधायक त्रिवेणी राम , पूर्व मंत्री उमाशंकर कुशवाहा , राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान रक्षा का संकल्प लिया गया । संचालन अमित ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर , डा0 राममनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बाबा

साहब अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने अपने संबोधन में देश में आपातकाल जैसे हालात पैदा हो गए हैं जहां सच पर पहरा बैठा दिया गया है । संवैधानिक संस्थाओं को विपक्ष के दमन के लिए उपयोग किया जा रहा है । सभी अम्बेडकर वादियों को एक मंच पर आना चाहिए । भाजपा के डबल इंजन सरकार के मन में खोट है इसलिए भाजपा सरकार जातिं जनगणना से सरकार भाग रही है । भाजपा संपनाथ तो कांग्रेस नागनाथ है। वीपी सिंह ने मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कराया भाजपा ने उनकी सरकार गिराई थी । मान्यवर कांशीराम ने कहा था जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी । संविधान की रक्षा ऐसे ही प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए की जा सकती है । मुफ्त राशन देने से अच्छा है रोजगार और शिक्षा देने के प्रबंध सरकार कराए । जाती धर्म के आधार पर झगड़े कराए जा रहे हैं ताकि शोषित अपना हक ना मांग सके । दलित , शोषित , वंचित समाज समाजवादी पार्टी के तरफ बहुत आशा भरी निगाह से देख रहा है। वोट का अधिकार संविधान की देन है और उनकी लूट संविधान प्रेमी कभी बर्दाश्त नही कर सकते । वोट की सुरक्षा समाजवादी करें । आपस में सामजस्य स्थापित करने के लिए रोटी बेटी का संबंध स्थापित करने की जरूरत है।

खानपुर पुलिस ने पास्को एक्ट के वांछित सहित तमंचा कारतूस संग अपराधी को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को थाना खानपुर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति /वाहन व तलाश वाँछित/वारण्टी की तलाश व क्षेत्र के देखभाल में मामूर होकर बिहारीगंज डगरा रेलवे क्रासिंग अनौनी मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग व आने जाने वाले व्यक्तियों की सघन तलाशी के दौरान समय करीब सवा ग्यारह बजे अभियुक्त रोहित गोस्वामी उर्फ बाबा पुत्र घूरहु निवासी ग्राम भगवानपुर पोस्ट हरौड़ा थाना तरवां जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा , तीन अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया ।

अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध मे स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर थाना खानपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक फूलचन्द पाण्डेय चौकी प्रभारी सिधौना थाना खानपुर गाजीपुर के साथकांस्टेबल आकाश सिंह, कांस्टेबल अनूप पाठक, कांस्टेबल रिंकू कुमार थाना खानपुर शामिल रहे। जबकि उप निरीक्षक बलवंता प्रसाद थाना खानपुर, उप निरीक्षक अवध नारायण उपाध्याय थाना खानपुर, कांस्टेबल हेमंत त्रिपाठी थाना खानपुर, कांस्टेबल शिव कुमार पटेल थाना खानपुर, क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति वांछित की तलाश व देखभाल में मामूर थे। बिहारीगंज डगरा रेलवे क्रासिंग लाखा मार्ट के पास से मुखबिर खास की सूचना पर पाक्सो एक्ट का नामित व वांछित अभियुक्त विशाल कुमार पुत्र शिवभजन राम ग्राम अमुवारा थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया ।

संक्षिप्त खबरें

डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज थाना अंतर्गत तुर्कवालिया में बाइक सवार एक युवक की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। बाइक सवार भागवत शर्मा पुत्र लालचंद शर्मा खुंटाभार थाना खजनी का बताया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी पीपीगंज अश्वनी चौबे ने बताया बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई और युवक की मां को हल्की फुल्की चोट लगी है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया गया है। पुलिस की सक्रियता से घटनास्थल के पास से डंपर पकड़ ली गई है जिसका नंबर यूपी 53 ईटी 9210 है। थाना प्रभारी पीपीगंज ने बताया मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शिक्षक के वक्तव्य पर कर्मचारी संघ में आक्रोश

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंध अध्ययन संकाय के शिक्षक डॉ ऋषिकेश नवजात द्वारा एक समाचार में वक्तव्य दिया गया है कि नई शिक्षा नीति में विश्वविद्यालय के कुलसचिव वित्त अधिकारी एवं बाबू तंत्र बाधक होते हैं। क्तव्य के प्रकाश में आने पर वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ आक्रोशित है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह महामंत्री रमेश यादव ने कुलसचिव एवं कुलपति को ज्ञापन देकर मांग किया है कि उक्त शिक्षक से तथ्य सहित स्पष्टीकरण मांगा जाए तथा शिक्षक द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगा जाय अन्यथा कर्मचारी संघ बृहद आंदोलन लिए बाध्य होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन एवं संबंधित शिक्षक की होगी ज्ञापन देते समय पूर्व अध्यक्ष राम जी सिंह, उपाध्यक्ष रामजस मिश्रा, प्रमोद सिंह कौशिक, धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष स्वामीनाथ, विनय सिंह, कमल किशोर मौर्या, जगदंबा मिश्रा, सतीश सिंह, डॉक्टर दिलगीर हसन, उत्तम चौबे आदि उपस्थित रहें।

स्व. गामा पहलवान की स्मृति में हुआ ऐतिहासिक विराट कुश्ती दंगल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्व. गामा पहलवान की स्मृति में ऐतिहासिक विराट कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन` बलिदानी धरती बरियासनपुर के धरती पे सकुशल सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि स्व.गामा पहलवान के सुपुत्र अनिल पटेल उत्तर प्रदेश क्राइम ब्रांच के हाथों द्वारा फीता काटकर एवं पहलवान का अखाड़े पर हाथ मिलाकर दंगल का आरम्भ किया गया जिसमें प्रदेश भर से आए नामी पहलवान शामिल हुए` इस दंगल की सबसे बड़ी खुशी अर्जुन यादव जौनपुर और निगम पहलवान वाराणसी के बीच एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि राखी गयी जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहर पहलवान, राम जी पहलवान , लाल जी पहलवान ,अर्जुन पहलवान, बमबम पहलवान एवं समाजवादी पार्टी के नेता सुजित यादव लक्कड़ पहलवान ,उमेश प्रधान, सुबास मास्टर, आनन्द यादव , रामधारी यादव, चंदन एवं ज़िले भर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे और ऐतिहासिक दंगल का आयोजन हुआ।

अंकपत्र के साथ पुरस्कृत होने पर बच्चों में काफी खुशी - सनत कुमार सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर के बच्चों को प्रधानाध्यापक सनत कुमार सिंह की ओर से अंक पत्र प्रदान कर बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया` प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों ममता, प्रवीण कुमार, रितिका, श्रेया कुमारी, शिवांगी यादव को पेंसिल बॉक्स,कापी व कलम तथा द्वितीय स्थान पाने वाले छात्रों प्रिन्स प्रजापति, राधिका कन्नौजिया, समीर चतुवेर्दी, अदिति यादव,अंशू पटेल को कापी व कलम एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों श्रृष्टि यादव,जय प्रकाश, नागेश वर्मा,शशि यादव, उज्जवल यादव को पेन वितरित किया गया सनत कुमार सिंह एवं विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से सभी बच्चों को अंक पत्र के साथ- साथ चॉकलेट भी वितरित किया गया सनत कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक हरीराम, शशांक पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, चन्दा सिंह, पुष्पा कुमारी द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई।

एक नजर इधर भी- जब हनुमान जी की प्रतिमा की आंख से निकलता आंसू बना कौतूहल का बिषय

प्रखर जखनियां गाजीपुर। तहसील क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा और मनिहारी विकासखण्ड और उसके अन्तर्गत स्थित हंसराजपुर बाजार। बाजार का त्रिमुहानी स्थान। जहां स्थित है महावीर मंदिर । जिसमें में स्थापित महावीर जी की प्रतिमा की दाहिनी आंख से अनवरत बहता आंसू आज भी श्रद्धालु जनों में में कौतूहल का विषय है। मिली खबर के मुताबिक बासंतिक नव रात्र के आखिरी दिन यानी रामनवमी की शाम को जब लोग मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचे तो आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। क्यों कि महावीर जी की प्रतिमा की दाहिनी आंख से आंसू अविरल गति से निकल रहा है। धीरे धीरे यह खबर जंगल की आग की तरह चारों तरफ फैलते देर नहीं लगी। कौतुक बस देखते ही देखते वहां श्रद्धालु जनों की भीड़ जुटने लगी। कुछ भक्त श्रद्धालुओं द्वारा कई बार आंसू साफ करने के बाद भी आंसू निकलना बंद नहीं होकर जारी रहा। बताते चलें कि बाजार क्षेत्र तथा आसपास के लोगों की इस मंदिर के प्रति गहरी श्रद्धा है। प्रतिदिन सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा पूजा पाठ, रामायण का पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान चलते रहते हैं। प्रतिमा की आंख से निकलते आंसू को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में जुटी हुई है। शासन की मंशानुरूप पवित्र शक्ति पीठों तथा देव स्थलों पर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश क्रम में उक्त मंदिर में भी श्रद्धालु जनों द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया था पाठ समापनोपरांत सुबह से भजन किर्तन का भी आयोजन किया गया। पूजन के क्रम में कुछ लोगों की नजर प्रतिमा पर पड़ते ही सन्न रह गए। इसे देख लोग किसी भावी आपदा की आशंका व्यक्त करने लगे हैं।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं